*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 134







### सीएम ने गढ़वा को दी पांच योजनाओं की सौगात

# 85 फीसदी स्थानीय युवाओं को देंगे रोजगार : चंपाई सोरेन

- वैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की प्रक्रिया जारी

विजय प्रताप देव

**गढ़वा/लातेहार (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गढ़वा में 93 करोड़ की लागत से निर्मित पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें 60 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक समाहरणालय भवन, 15 करोड़ की लागत से बना बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, सात करोड़ रुपये से बना बहुप्रतीक्षित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, चार करोड़ की लागत का नवनिर्मित अंतरराज्यीय पालिका परिवहन पड़ाव और सात करोड़ की लागत से बना फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। गढ़वा आने से पहले लातेहार में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 85 फीसदी स्थानीय युवाओं को रोजगार देगी।

**साथ रहे मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन :** मुख्यमंत्री के साथ सभी कार्यक्रमों में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बसंत सोरेन और हफीजुल हसन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के गढ़वा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पारंपरिक झारखंडी गीत और नृत्य से उनका स्वागत हुआ।

**सड़क मार्ग से पहुंचे सीएम, हेलीकॉप्टर से लौटे :** मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। इस कारण कार्यक्रम में करीब साढ़े चार घंटे की देरी हुई। परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सीएम गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंचे। यहां उनको जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन हेलीकॉप्टर के उड़ने का समय हो जाने की वजह से टाउन हॉल का उद्घाटन करने के बाद वह सीधे रांची रवाना हो गये। मौसम साफ होने के बाद हेलीकॉप्टर को रांची से गढ़वा बुला लिया गया था।




## वैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने का प्रस्ताव प्रोसेस में

गढ़वा जाने के दौरान मुख्यमंत्री लातेहार में थोड़ी देर के लिए स्थानीय परिसदन में रुके। वहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने का प्रस्ताव प्रोसेस में है। शीघ्र ही बतायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने प्रदेश में कोई काम नहीं किया। गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में तेजी से काम हो रहा है। सभी जिलों में विकास की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। जिलों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए विकास किया जायेगा। एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि सरकार 85 प्रतिशत स्थानीय युवकों को रोजगार देगी। इस पर सरकार काम कर रही है। अगर जिले में संचालित कोलियरियों में स्थानीय युवकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है, तो इसकी जांच करायी जायेगी।

### पटना के गांधी मैदान में विपक्षी गठबंधन की जन विश्वास महारैली

# लालू ने खेल दिया हिंदू कार्ड, मोदी को हिंदू मानने से किया इनकार

- राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई को अब धर्म के मोर्चे पर ले आये हैं। रविवार को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी तो हिंदू ही नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह-यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार आये थे, तो उन्होंने बिना नाम लिये परिवारवाद के बहाने लालू पर हमला बोला था।

लालू ने कहा कि मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज हर पिछड़ा वर्ग, दलित, वंचित और गरीब सत्ता के दरवाजे पर खड़ा है। यह नरेंद्र मोदी क्या चीज है। मोदी आजकल परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं। आप बताओ न, आपको क्यों नहीं संतान हुआ। ज्यादा संतान होनेवाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है। परिवार के लिए लड़ रहा है। आपके पास परिवार नहीं है और आप हिंदू भी नहीं हैं। हर हिंदू अपनी मां के शोक में केस-दाढ़ी मुंडवाता है। जब आपकी माताजी का देहावसान हो गया, तो आपने क्यों नहीं छिलवाया, यह बताओ। उन्होंने कहा, देश भर में नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान अब तक थे। उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं, तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा, जनकपुर में श्रीरामचंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिये। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर के नेताओं की सभाएं हुईं। यहीं से देश भर में संदेश गया।

राजद सुप्रीमो ने सीएम नीतीश के प्रकरण पर कहा कि नीतीश कुमार को हमने कोई गाली नहीं दी। वह पहली बार निकले, तब भी गाली नहीं दी थी। तब हमने कहा था कि वह पलटूराम हैं। नहीं पलटना चाहिए था। दुबारा हमसे गलती हो गयी। तेजस्वी से गलती हो गयी। नरेंद्र मोदी के पैरों के नीचे चले गये।




## राहुल ने चीन और पाकिस्तान को भारत से बेहतर बताया

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और माकपा नेता सीताराम येचुरी भी शामिल हुए। महारैली में राहुल गांधी ने चीन और पाकिस्तान को भारत से बेहतर बताया। युवाओं की बड़ी तादाद देख कर राहुल गांधी ने 'अग्निवीर' का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सेना में दो तरह के सैनिक हो गये हैं। 'अग्निवीर' ऐसे सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर सकेंगे। न जीते जी सुविधा मिलेगी और न शहीद होने पर सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन 'अग्निवीरों' को छह महीने की ट्रेनिंग देकर चीन-पाकिस्तान की मजबूत सेना के सामने भेज रही है। राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है। इस देश में नफरत की जगह नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण अन्याय है। युवाओं, किसानों, गरीबों के खिलाफ अन्याय है।

## न्यूज रील्स

### झारखंड के होनहार क्रिकेटर रॉबिन मिंज हादसे में घायल

रांची। झारखंड के उभरते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज आइपीएल 2024 के शुरू होने से पहले सड़क हादसे के शिकार हो गये हैं। जानकारी के अनुसार जेएससीए स्टेडियम से प्रैक्टिस कर घर लौटने के दौरान उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गयी। हादसे में रॉबिन मिंज घायल हो गये और उनकी बाइक के परखच्चे उड़ गये। रॉबिन के पिता ने उनके घायल होने की पुष्टि की है। रॉबिन के पिता ने बताया है कि रॉबिन को हल्की चोट आयी है, चिंता की बात नहीं है। फिलहाल रॉबिन डॉक्टरों की निगरानी में है। रॉबिन के घुटने में चोट लगने की बात सामने आ रही है। हादसे के बाद रॉबिन का आइपीएल को लेकर संशय की स्थिति बन गयी है। सबकुछ ठीक रहा, तो ही रॉबिन आइपीएल डेब्यू कर पायेंगे। बता दें कि आइपीएल का आगाज 22 मार्च से होना है।

### लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 15 दिन बाद संभव

नयी दिल्ली। केंद्रीय चुनाव आयोग 15 दिन बाद आम चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। इस बाबत तैयारियां चल रही हैं। चुनाव आयोग ने सरकार से मंतव्य हासिल कर लिया है और राज्य सरकारों से परामर्श का सिलसिला भी खत्म हो गया है। देश भर के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम अंतिम चरण में है और मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भारतीय नौसेना को मिलेगा मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर

कोच्चि। भारतीय नौसेना बुधवार को कोच्चि में आइएनएस गरुड़ पर नये एमएच 60आर सीहॉक मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर को कमीशन करेगी। यह ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है। इसे भारत के रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सीहॉक स्क्वाड्रन को भारतीय नौसेना में आइएनएस 334 के रूप में कमीशन किया जायेगा।

### सांसद डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से लिया संन्यास

नयी दिल्ली। लोकसभी चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों पहली लिस्ट आने के बाद राजधानी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 30 साल से ज्यादा के शानदार चुनावी करियर में मैंने सभी पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े, जिनमें मैंने बड़े अंतर से जीत हासिल की।

# दरिंदगी की शिकार स्पेनिश महिला ने कहा, वे हमारी जान लेना चाहते थे

- इंस्टाग्राम पर वीडियो के जरिये घटना का विवरण दिया
- चाकू की नोक पर सात लोगों ने मेरा बलात्कार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** हंसडीहा इलाके में गैंगरेप की शिकार स्पेन की महिला ने कहा है कि दुष्कर्मी उसकी हत्या करना चाहते थे। उस महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उसने पूरी घटना का ब्योरा दिया है। इसके अनुसार महिला एक ट्रैवल ब्लॉगर है और वह अपने पति के साथ बाइक ट्रिप पर भारत आयी थी। इससे पहले यह दंपति पाकिस्तान और बांग्लादेश भी गया था। वीडियो में स्पेनिश महिला ने कहा, सात लोगों ने मेरा बलात्कार किया है। उन्होंने हम पर हमला किया, हमें पीटा और हमें लूट लिया। उन्होंने हमारी गर्दन पर चाकू रखा और हमें जान से मारने की धमकी भी दी। वे सात लोग थे। 28 साल की यह महिला अपने पति के साथ दुमका से बिहार और फिर नेपाल जाने वाली थी। हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में उन दोनों ने शुक्रवार की रात अस्थायी तंबू लगा कर रात बिताने का फैसला किया था। महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि जब वह अपने पार्टनर के साथ तंबू में सो रही थी, तभी सात लोग वहां घुस आये और दोनों की पिटाई कर बारी-बारी से महिला का रेप किया।



### क्या कहा एसपी ने

दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि शुक्रवार की रात एक महिला और पुरुष ने उधर से गुजर रही पुलिस पेट्रोलिंग टीम को रोका। उन्होंने पुलिस टीम से जो कुछ कहा, वह पुलिसकर्मियों को समझ नहीं आया, क्योंकि वे अंग्रेजी और स्पेनिश बोल रहे थे। पुलिस टीम उन्हें लेकर पास के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची, जहां महिला के साथ बलात्कार की जानकारी मिली।

### चार आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

इस बीच वारदात से हर कोई सहमा हुआ है। सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट रहा है और जल्द से जल्द विदेशी महिला के लिए इंसाफ की गुहार लगायी जा रही है। इस बीच पुलिस ने सात में से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, हालांकि तीन अब भी फरार हैं। पुलिस ने बताया कि सभी सातों की पहचान कर ली गयी है।

## आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह ने वापस लिया नाम

**आसनसोल (आजाद सिपाही)।** भोजपुरी गायक और एक्टर पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। पार्टी ने एक दिन पहले ही उन्हें इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। अब पवन सिंह के पीछे हटने पर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर जम कर निशाना साधा है। टीएमसी की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने कहा कि बंगाल में भाजपा की नारी शक्ति की बातें खोखली और निरर्थक हैं। 38 वर्षीय पवन सिंह बिहार के रहनेवाले हैं, जिन्हें बंगाल की सीट से भाजपा का उम्मीदवार बनाने पर विवाद खड़ा हो गया था। कई लोग उनके भोजपुरी गानों के वीडियो का जिक्र कर रहे थे और दावा किया जाने लगा कि इनमें बंगाली महिलाओं का अपमान किया गया है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि सोशल मीडिया पर आ रही प्रतिक्रियाओं ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी। पवन सिंह की उम्मीदवारी से आसनसोल में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचने की चर्चा होने लगी। इसे ध्यान में रखते हुए उन्हें हटाने का फैसला हुआ और उन्हें इसकी सूचना दी गयी। इसके बाद एक्टर ने कहा कि वह खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं।

# मोदी ने भाजपा फंड में दिये दो हजार रुपये

- राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के लिए सहयोग का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं की तरफ से दिया जा रहा आर्थिक सहयोग चर्चा में है। पीएम मोदी ने पार्टी फंड में दो हजार रुपये का चंदा दिया है। पीएम मोदी के सहयोग का प्रमाण भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पार्टी फंड में आर्थिक दान दिया है। खास बात यह है कि पार्टी की तरफ से चुनावी बिगुल फूंके जाने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत और राष्ट्र निर्माण के लिए नमो एप के जरिये जनता आर्थिक सहयोग करे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुझे भाजपा के फंड में योगदान देने और विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत करने की खुशी हो रही है। बकौल पीएम मोदी मैं सभी से नमो एप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए दान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं।

**पीएम 10 दिन में 12 प्रदेशों का दौरा करेंगे :** इस बीच पीएम मोदी अगले 10 दिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 29 कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के बारे में अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी तेलंगाना, तमिलनाडु, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। पीएम मोदी दिल्ली में भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।




# बर्थडे पर पति से जेल में मिलीं कल्पना सोरेन

- हेमंत के लिए किताबें लेकर गयी थीं
- पति ने गिफ्ट में दिया फूलों का गुलदस्ता
- झारखंड झुकेगा नहीं, जय जोहार : कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का रविवार को जन्मदिन था। उन्होंने इस दिन की शुरुआत पति हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात के साथ की। हेमंत सोरेन ने उन्हें बुके भी दिया। यह जानकारी कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर हेमंत सोरेन के हैंडल पर पोस्ट कर दी। कल्पना ने लिखा, मैंने अपने जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी से जेल में मुलाकात की। उनकी तरफ से अप्रतिम पुष्पगुच्छ मिला। 18 वर्षों में यह पहला अवसर है, जब जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी परिवार के साथ नहीं हैं। हेमंत सोरेन की पत्नी ने लिखा कि आज भले ही केंद्र की भाजपा सरकार के षडयंत्र के चलते हेमंत जी को अपनी जनता से दूर हुए एक महीने से अधिक हो गये हैं, मगर वह वहां भी पल-पल झारखंड और झारखंडियों के बारे में ही सोचते हैं।

भाजपा को लगता है कि एक झारखंडी योद्धा को षडयंत्र के तहत परेशान करने की उनकी कोशिश कामयाब हो गयी है, तो यह उनकी बहुत बड़ी और भारी भूल है। हेमंत जी का संघर्ष, आत्मविश्वास, राज्यवासियों के प्रति प्रेम और समर्पण को देख झारखंड का हर घर एक ही उद्घोष कर रहा है। हेमंत है, तो हिम्मत है। झारखंड झुकेगा नहीं। जय जोहार! इसके साथ कल्पना सोरेन ने तीर धनुष की इमोजी डाली है।



### किताबें लेकर गयी थीं कल्पना

कल्पना सोरेन अपने साथ किताबें लेकर गयी थीं, जो हेमंत सोरेन ने फरमाइश की थी। इनमें इतिहास और आदिवासी जीवन से संबंधित किताबें शामिल हैं। जेल में हेमंत सोरेन अपना समय किताबें पढ़ कर बिता रहे हैं।

### दिशोम गुरु से लिया आशीर्वाद

होटवार जेल से लौटने के बाद कल्पना सोरेन अपने ससुर दिशोम गुरु शिबू सोरेन और सास रूपी सोरेन का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। वहां वह करीब आधे घंटे तक रहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत का टिकट काट कर भाजपा ने दिये संकेत

## ■ सक्रिय राजनीति में रहने के लिए लोगों के बीच सक्रियता जरूरी

## ■ भाजपा ने पहली सूची जारी कर दे दिया बड़ा सियासी संदेश

## ■ भाजपा की पहली सूची में दिखा 'सबका साथ-सबका विकास' वाला मंत्र

**आम चुनाव की घोषणा होने के पूर्व ही भाजपा ने जिस तरह 195 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये, उससे यही पता चलता है कि वह विरोधी दलों से पहले अपने उम्मीदवार तय करके चुनाव प्रचार के मामले में आगे रहने के साथ मनोवैज्ञानिक बढ़त भी लेना चाहती है। यह काम उसने कुछ समय पहले हुए पांच राज्यों और विशेष रूप से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भी किया था। एक समय था, जब नामांकन दाखिल करने की तिथि करीब आने पर भाजपा अपने प्रत्याशी तय कर पाती थी। प्रत्याशी चयन के मामले में आगे रहनेवाले दल को एक ओर जहां चुनाव प्रचार के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है, वहीं उसे यह माहौल बनाने में भी मदद मिलती है कि वह चुनावी तैयारियों के मामले में औरों से आगे है।**

**आजाद सिपाही विशेष**

**भाजपा ने जिस तरह अपने 195 उम्मीदवार तय कर लिये, उससे यह स्पष्ट है कि शेष प्रत्याशियों के नाम भी शीघ्र ही सामने आ जायेंगे। इसकी तुलना में विपक्षी दलों को देखा जाये, तो वे कहीं पीछे दिख रहे हैं। विपक्षी गठबंधन अब तक सीट शेयरिंग पर ही अटका है। इससे भाजपा ने चुनावी मुकाबले के पहले दौर में बढ़त बना ली है। भाजपा ने जिन प्रत्याशियों के नाम तय किये हैं, उनमें प्रधानमंत्री के साथ कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री हैं, जो अपनी परंपरागत सीटों से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। प्रत्याशियों की पहली सूची यह भी कह रही है कि 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री चुनाव लड़ेंगे। इनमें कुछ वे हैं, जो अभी राज्यसभा सदस्य हैं। चूंकि प्रत्याशियों की पहली सूची में कई नये-पुराने मौजूदा सांसदों के नाम नहीं हैं, इसलिए यह तय है कि अगली सूचियों में भी कुछ और सांसदों का पत्ता कटेगा। यह संकेत भी मिल रहा है कि अपने बेजा बयानों से पार्टी को मुश्किल में डालने वालों को संदेश दिया जा रहा है। झारखंड में जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत का टिकट काट कर भाजपा ने यह संदेश दे दिया है कि टिकट पाना है, तो लोगों के बीच सक्रिय रहना होगा। यह भी अच्छा है कि पुराने चेहरों पर भरोसा करने के साथ नये और अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी चुनाव मैदान में उतारे जा रहे हैं। इस सूची से भाजपा के 'सबका साथ सबका विकास' वाले मंत्र की प्रतिध्वनि भी सुनाई दे रही है। क्या है भाजपा की इस सूची का सियासी संदेश और आगामी आम चुनाव में इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश भर में लोकसभा चुनाव की गरमी अब बढ़ने लगी है, भले ही चुनाव तारीखों का ऐलान होना बाकी है। चुनावी मुकाबले का पहला दौर, यानी प्रत्याशी चयन का काम भी चरम पर है। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कमर कस चुकी भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर इस दौर में बढ़त बना ली है। भाजपा ने आम चुनाव की तारीखों के एलान से पहले 195 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दो संदेश दे दिये हैं। पहला यह कि वह चुनाव के लिए वक्त से पहले पूरी तरह तैयार है और दूसरा यह कि प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसने विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। विपक्ष की ओर से अब तक सीटों के बंटवारे से लेकर गठबंधन को अंतिम रूप दिये जाने पर ही माथापच्ची चल रही है। दूसरी तरफ भाजपा चुनावी मैदान में अपने उम्मीदवारों के साथ लड़ने को तैयार दिखने लगी है। साल 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची 21 मार्च को जारी की थी। वह भी आम चुनाव की तारीखें घोषित होने के 10 दिन बाद। शनिवार को आयी उसकी पहली सूची के बारे में सरसरी तौर पर कहा गया कि बहुत बड़ा सरप्राइज नहीं था। उम्मीद के अनुरूप कुछ सांसदों के टिकट कटे। वहीं, कुछ ऐसे नामों को रिपीट किया गया, जिनके बारे में चर्चा थी कि उनका टिकट कट सकता है। लेकिन पक्के तौर पर यह कहा जा सकता है कि यह झांकी है, असली सूची बाकी है। माना जा रहा है कि आगे की सूची में कुछ चौंकानेवाले नाम शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही संदेश दे चुके हैं कि लगभग सभी केंद्रीय मंत्रियों को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ना है। साथ ही अधिकतर राज्यसभा सांसदों को भी इस बार लोकसभा चुनाव में उतारा जा सकता है। ऐसे में अगली सूची में किन-किन नामों को कहां से उतारा जायेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में 34 केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम शामिल है। 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की भाजपा की पहली सूची में 28 महिलाएं और 47 युवा





नेता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पार्टी ने 27 अनुसूचित जाति और 18 अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 57 उम्मीदवारों के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। इस सूची में भाजपा ने 33 मौजूदा सांसदों के टिकट भी काटे हैं। भाजपा ने जिन 195 संसदीय सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें से 155 सीटों पर पार्टी ने 2019 के चुनावों में जीत हासिल की थी। भाजपा ने अपनी पहली सूची में 20 फीसदी से ज्यादा वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिये हैं।

### क्या है इस सूची का सियासी संदेश

भाजपा की इस सूची में कुछ संदेश छिपे हैं, जो इस बात का संकेत हो सकते हैं कि बाद की सूचियों में क्या होनेवाला है। इस सूची में सबसे बड़ा एक संदेश केंद्रीय मंत्रियों के लिए है कि यदि उन्हें भविष्य में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में अपनी जगह बनाये रखनी है, तो उन सभी को जमीन पर उतरना होगा और जनादेश हासिल करना होगा। शायद इसीलिए भाजपा ने अपनी पहली सूची में मोदी सरकार के 34 मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा है। कई केंद्रीय मंत्री, जो वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं, उन्हें भी भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में उतारने का फैसला किया है। इसके साथ पार्टी ने उन मौजूदा सांसदों को भी कड़ा संदेश दिया है, जिनका प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। हालांकि पहली सूची में भाजपा ने उन सीटों पर फोकस किया है, जो 2019 के चुनावों में वह हार गयी थी। पिछले आम चुनावों में जीती गयीं कुछ सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार बदल दिये हैं।

### जनाधार वाले नेताओं का किया सम्मान

भाजपा ने अपनी पहली सूची में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे-बेटी को टिकट देकर यह संदेश दिया है कि वह अपने मेहनती और जनाधार वाले नेताओं को भूलती नहीं है। पार्टी ऐसे नेताओं का सम्मान बरकरार रखती है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा से चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। इसी तरह त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और असम के पूर्व सीएम सबार्नंद सोनोवाल को पार्टी ने क्रमशः त्रिपुरा वेस्ट और डिब्रूगढ़ से टिकट दिया है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के बेटे दुष्यंत सिंह को झालावाड़ और दिल्ली की पूर्व सीएम सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को नयी दिल्ली से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है।

### भाजपा ने जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत के टिकट क्यों काटे?

यह जानना जरूरी है कि भाजपा ने इन पुराने सांसदों के टिकट क्यों काटे हैं। दरअसल इन उम्मीदवारों का टिकट उनके क्षेत्र के माहौल और उनके बड़बोलेपन के कारण कटा है। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और रमेश बिधूड़ी इसके उदाहरण हैं, जिनके बयान उनके टिकट कटने का कारण रहे। झारखंड में दो सांसदों, जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत का टिकट उनके प्रदर्शन और स्थानीय स्तर पर मिली फीडबैक रिपोर्ट के कारण काटा गया। जयंत सिन्हा के बारे में यह आम बात हो गयी थी कि वह आम लोगों से मिलते नहीं हैं। वह खास आयोजनों में ही मंच शेयर करते थे। बड़ी से बड़ी घटना के बाद भी वह तत्काल लोगों का दुख दर्द बांटने नहीं जाते थे। अपने आवास पर भी वह उन्हीं लोगों से मिलते थे, जिनको वह जानते थे। वहीं सुदर्शन भगत को लेकर रिपोर्ट थी कि वह क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय नहीं हैं। खास अवसरों पर ही वह उपस्थित होते हैं। किसी भी समस्या को वह बहुत सतही तौर पर लेते थे। ना किसी से दोस्ती, ना किसी से बैर की नीति पर वह चलते थे। पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि वह उनकी किसी भी समस्या का समाधान करने की दिशा में पहल नहीं करते। मोदी के नाम पर ही वह चुनाव जीतते रहे हैं, उनका अपना कोई प्रयास नहीं रहता। पश्चिम बंगाल की अलीपुरद्वार सीट से सांसद जॉन बारला को हटा दिया गया है, क्योंकि सांसद के रूप में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया था।

---

**आइएएस अफसरों का ट्रांसफर**

# कुमुद सहाय जामताड़ा और रमेश घोलप बने चतरा डीसी

**वंदना दादेल को कैबिनेट सचिव का अतिरिक्त प्रभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। प्रधान सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांची के पद पर पदस्थापित वंदना दादेल को अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान प्रमंडल चाइबासा के पद पर पदस्थापित मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए सचिव महिला बाल विकास विभाग सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया




गया है। उपायुक्त चतरा के पद पर स्थापित अबू इमरान को स्थानांतरित करते हुए प्रबंध निदेशक झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। अबू इमरान अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। उपायुक्त जामताड़ा के पद पर पदस्थापित शशि भूषण मेहरा को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव वित्त विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। अपर सचिव स्कूली शिक्षा में साक्षरता विभाग कुमुद सहाय को स्थानांतरित करते हुए जामताड़ा का डीसी नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव वित्त विभाग घोलप रमेश गोरख को चतरा जिला का डीसी बनाया गया है। राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद किरण कुमारी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक पशुपालन रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। निदेशक पशुपालन आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद सर्व शिक्षा अभियान रांची के पद पर नियुक्त किया गया है।

---

**कौन होगा इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार, सबकी निगाहें इस ओर हैं टिकी**

# अंबा प्रसाद, सौरभ नारायण सिंह भुवनेश्वर मेहता या कोई और

**दीपक सिंह**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सदर विधायक मनीष जायसवाल का नाम लोक सभा प्रत्याशी के रूप में घोषित होने के बाद हर किसी की निगाहें इस ओर टिकी हैं कि आखिर इंडिया गठबंधन का कौन उम्मीदवार होगा। क्या हजारीबाग लोकसभा सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार देगी या गठबंधन में यह सीट वाम दल को जायेगी। सूत्र तो यह भी बतलाते हैं कि वाम दल (सीपीआइ) यह सीट इंडिया एलायंस से अपने लिए मांग रही है, जहां से पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता उम्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद या पूर्व में दो बार सदर विधायक रहे सौरभ नारायण सिंह को प्रत्याशी बना







सकती है। ऐसे सौरभ नारायण सिंह के करीबी इस बात को अफवाह बता रहे हैं, लेकिन राजनीति का ऊंट कब किस करवट बैठेगा यह कहना मुश्किल है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी बनने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र आशीष सहाय भी हाथ पैर मार रहे हैं। इसको लेकर आशीष सहाय कई बार कार्यक्रम भी कर चुके हैं। सीपीआइ के भुनेश्वर प्रसाद मेहता हजारीबाग लोकसभा सीट से दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं। वह 1991 और 2004 में हजारीबाग लोक सभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं सौरभ नारायण सिंह हजारीबाग सदर विधानसभा में दो बार जीत का परचम लहराने में कामयाब हुए थे। उन्होंने 2014 के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा था। 2014 के लोक सभा चुनाव में उन्हें 2,47,803 वोट मिले थे। वहीं अंबा प्रसाद अभी वर्तमान में बड़कागांव की विधायक हैं। उनके पिता योगेंद्र साव मंत्री और मां निर्मला देवी की विधायक रह चुकी हैं। लेकिन उनके बारे में तरह-तरह के कयास लग रहे हैं।

---

# टाटानगर से आज खुलेगी आस्था ट्रेन

**अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जायेंगे भक्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टाटानगर से 4 मार्च को तीसरी आस्था ट्रेन खुलेगी। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भक्त जायेंगे। यात्रियों की भीड़ और लंबी वेटिंग को देखते हुए रेल प्रशासन ने यह अस्थायी व्यवस्था की है। रेलवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। 22 कोच वाली यह ट्रेन सुबह 11.50 बजे टाटानगर से रवाना होगी, जो चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, जौनपुर होते हुए अगली सुबह 3.20 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी के लिए डाउन ट्रेन 6 मार्च की सुबह आठ बजे अयोध्या से रवाना होगी।

**इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन रद्द**

दक्षिण पूर्व रेलवे ने ट्रेन संख्या 18109 टाटानगर एनएससीबी इतवारी एक्सप्रेस 5 मार्च और ट्रेन संख्या 18110 एनएससीबी इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन 7 मार्च को रद्द किया है। रेलवे के इस फैसले से इन ट्रेनों से सफर करनेवाले गरीब रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसकी जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि नागपुर मंडल में विकास कार्यों के कारण इन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसके साथ रेलवे ने टाटानगर से चल कर यशवंतपुर को जाने वाली ट्रेन संख्या 18111 यशवंतपुर साप्ताहिक में अतिरिक्त कोच लगाने की जानकारी दी है।

---

# ठेकेदार और विभागों के विवादों का निपटारा न्यायाधिकरण करेगा

**चार माह में हो जायेगा फैसला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 को मंजूरी मिल गयी है। जल्द ही इसे विधि विभाग अधिसूचित कर देगा। इस विधेयक में पहले जो नियम था, उसके अनुसार ठेकेदार और इंजीनियरों, विभाग के बीच पेमेंट को लेकर कोई विवाद होता था, तो संवेदक सिविल सूट फाइल करता था, उसके बाद जो आदेश पारित होता था, उसके अनुरूप भुगतान होता था। लंबी कानूनी प्रक्रिया चलती थी।

आदेश सरकार के खिलाफ गया, तो बड़ी राशि ब्याज के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता था। इससे संबंधित विभाग को काफी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ता था। अब नये विधेयक में उक्त नियम पर संशोधन किया गया है। अब एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जायेगा। विवाद का सारा मामला इसी न्यायाधिकरण में भेजा जायेगा। वहां जो निर्णय होगा, उसे लागू किया जायेगा। यह माना जा रहा है कि इसके होने से सरकार को अतिरिक्त सूद की राशि का जो भुगतान करना पड़ता था, उससे बचा जा सकता है। ऐसे में कई बार देखा जाता है कि संविदा के पक्षकारों के बीच अक्सर विवाद होता है। ऐसे में अब एक न्यायाधिकरण का गठन किया जायेगा, जिसमें अध्यक्ष और सदस्य होंगे। हाइकोर्ट के जज या पांच साल से अधिक समय से जिला न्यायाधीश रहे हों, वे इसके अध्यक्ष होंगे। सचिव स्तर के पदाधिकारी, अभियंता प्रमुख या दो साल से अधिक समय से मुख्य अभियंता इसके सदस्य होंगे। अध्यक्ष और सदस्य का कार्यकाल चार वर्ष या अधिकतम 70 वर्ष होगा। विवादों का निपटारा अधिकतम चार माह के अंदर कर लेना होगा। पक्षकारों को न्यायाधिकरण का आदेश मानना होगा।

---

# होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 मार्च को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 मार्च को होगी।

प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने रविवार को बताया कि 10 मार्च को धुर्वा गोलचक्कर स्थित मैदान में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों की आमसभा बुलायी गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी होमगार्ड जवानों से यह अपील की गयी है कि 10 मार्च को समय 10 बजे धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में पहुंचें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 18.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.52 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.08 बजे |



# अर्जुन मुंडा खूंटी को कल देंगे 1100 करोड़ की सौगात

**नितिन गडकरी भी समारोह का बन सकते हैं हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही खूंटी संसदीय क्षेत्र में 1100 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास कार्यक्रम 5 मार्च को प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी समेत रांची को लोहरदगा से जोड़नेवाली मुख्य सड़क, रांची से बंदगांव को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि 5 मार्च को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की भी खूंटी आने की संभावना है, लेकिन फिलहाल उनके दौरे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है।

खूंटी बाइपास सड़क के निर्माण को मंजूरी पहले ही दी गयी थी, लेकिन अधिकारियों ने सड़क निर्माण पर रोक लगा दी। अर्जुन मुंडा के सांसद बनने के बाद बाइपास निर्माण की मांग तेज हो गयी और अर्जुन मुंडा ने खूंटीवासियों को बाइपास देने का वादा किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल के बाद नया डीपीआर तैयार हुआ और एनएचआइ ने इसे मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक करीब 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1100 करोड़ रुपये की लागत से एनएचएआइ द्वारा किया जायेगा। रांची के तुपुदाना को जैतगढ़ से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर खूंटी और मुरहू में दो अलग-अलग बाइपास सड़कें और कई अंडरपास भी बनाये जायेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक भी सड़क निर्माण होना है।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 47/GA/2023-24
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "अनुसंधान में पोत्साहन-जीनोमिक उपाय का प्रयोग करके कम प्रकाश की तीव्रता के तहत चावल की उपज का अध्ययन" शीर्षक परियोजना में एक (01) ग्रेजुएट सहायक के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 20.03.2024 को आयोजित किया जाएगा (ईएपी-198 बी)। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम शर्तों से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।
Walk-in Interview is to be held on 20.03.2024 for one (01) Graduate Assistant at the National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Incentivizing research – Study of rice yield under low light intensity using genomic approaches (EAP-198B)". The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc., and other terms and conditions are available in NRRI website- www.icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

# विकसित भारत बनाने के लिए झारखंड भी तैयार : बाबूलाल

**400 पार का संकल्प पूरा होगा**

**झारखंड में 14 सीटों पर एनडीए की जीत होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में युवा इंटक नेता, यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष कुमार रवि चौबे और उनके सैकड़ों समर्थकों को भाजपा की सदस्यता दिलायी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार है। लोग लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। जनता का भरोसा मोदी पर बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प सत्ता के लिए नहीं, बल्कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित पिछड़े सभी वर्गों की सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वंचित वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से 400 पार का संकल्प पूरा होगा। झारखंड में 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। लोकसभा के बाद झारखंड में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लें।

**भाजपा की नीति स्पष्टः रवि :** कुमार रवि चौबे ने कहा कि भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जिसकी स्पष्ट नीति है। विकास का संकल्प और नीयत है और विश्व प्रसिद्ध नेता हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन अशोक बड़ाइक ने किया।

### भाजपा पार्टी नहीं परिवार हैः बाउरी

**नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। युवाओं के बीच पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। देश का भविष्य आज पीएम मोदी के हाथों में सुरक्षित है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और मजबूती के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।**

# हर राज्य में खुलेगा डीएवी सरला स्कूल : अहमद

## रांची में आज होगा स्कूल का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा है कि डीएवी सरला स्कूल की स्थापना देश के सभी राज्यों में की जा रही है, जिसकी शुरुआत 4 मार्च को रांची के तुपुदाना चौक में की जायेगी। डीएवी सरला स्कूल के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद रांची पहुंचे। कहा कि कोरोना काल में शिक्षा को लेकर आलोक दुबे के प्रयासों को राज्य की जनता ने भी सराहा। आने वाले पांच वर्षों में डीएवी सरला स्कूल 12वीं तक की पढ़ाई सुनिश्चित करेगा। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने बताया सोमवार को स्कूल का उद्घाटन किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर डीएवी के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी होंगे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** अचानक से काम के सिलसिले में यात्रा के योग बनेंगे। पार्टनरशिप के बिजनेस में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**वृष** कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। ऑफिस में कार्यों की अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिलेंगी।

**मिथुन** आज का दिन मिलाजुला असर देने वाला है। पार्टनर से वैचारिक मतभेद हो सकता है।

**कर्क** आर्थिक मामलों में बहुत सावधानी बरतें। पार्टनरशिप के बिजनेस में धन हानि हो सकता है।

**सिंह** रिश्तों की गलतफहमियों को सुलझाने की कोशिश करें। शांत दिमाग से फैसले लें।

**कन्या** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक मामलों में बहुत सतर्क रहें। घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन संभव है।

**तुला** आज तुला राशि वालों की कड़ी मेहनत रंग लाएगी। करियर में नई उपलब्धियां हासिल होंगी।

**वृश्चिक** जीवन में चुनौतियां बढ़ेंगी। व्यापार में धन हानि हो सकता है। इस वीक आर्थिक मामलों में बहुत सावधानी रहें।

**धनु** ऑफिस पॉलिटिक्स से दूर रहें। अपनी परफॉर्मेंस पर ध्यान दें। धन के लेन-देन में थोड़ी सावधानी बरतें।

**मकर** ऑफिस में अपने कार्यों पर फोकस करें। अभी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत करने के लिए थोड़ा इंतजार करें।

**कुंभ** आज का दिन बेहद शुभ रहने वाला है। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम के सिलसिले में यात्रा के योग बनेंगे।

**मीन** जीवन में कई उतार-चढ़ाव आएंगे। किसी अनजान व्यक्ति को धन उधार देने से बचें।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है–
1. ई-निविदा सं.: 241-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः (अवशेष कार्य) व. मंडल अभियंता (2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप-ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं.305, 352, 371, 374, 384, 401,410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 4,94,65,480.86
2. ई-निविदा सं.: 242-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः व.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि/लातेहार के अधीन टोरी-शिवपुर सेक्शन में चौबीस महीनों की अवधि के लिए सीसीएल साइडिंग का ट्रैक संरक्षण एवं अन्य सहायक कार्य। 24 (चौबीस) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 4,91,68,461.20
3. ई-निविदा सं.: 243-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः सहा.मं.अभि./लातेहार के अधीन टोरी-शिवपुर सेक्शन में जल आपूर्ति, सिवरेज प्रणाली का सुधार एवं मरम्मत तथा सर्विस भवन एवं स्टाफ आवासों का अन्य सहायक कार्य से संबंधित बचा हुआ कार्य। 09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 61,57,657.93
4. ई-निविदा सं.: 244-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः सहा. मं. अभि./1/धनबाद के अधीन रागाटॉड कॉलोनी में अधिकारियों के आवासों (691/A to D, 692/A & B, 758/A to D, 201/A & B एवं 913/A&B) का नवीनीकरण एव मरम्मत। 06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 76,54,924.22
5. ई-निविदा सं.: 245-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः धनबाद मंडलः– सीटीआर (पी)–24.014 टी.कि.मी. (मं. अभि., भू-संपदा के अधीन 11.96 टी.कि.मी.) के साथ अन्य सहायक कार्य। 12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 2,71,96,446.59
6. ई-निविदा सं.: 246-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः सहा.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन धनबाद में क्रिकेट मैदान में स्वचालित फव्वारा प्रणाली की आपूर्ति एवं इंस्टॉलेशन। 03 (तीन) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 15,79,009.92
7. ई-निविदा सं.: 247-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः सहा.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन धनबाद में वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण। 03 (तीन) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में): 16,37,266.41
ब्याने की राशि (रु. में): ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू।
निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः ई-निविदा बंद होने की तारीख 22.03.2024 को 12:00 बजे तक, ई-निविदा खुलने की तारीख 22.03.2024 को 12:30 बजे से।
वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/02418/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/23-24/92

# रांची के विकास का संकल्पः सांसद

**पीएम के विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने दोबारा रांची संसदीय सीट से भाजपा का टिकट मिलने पर राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है, उस संकल्प को पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

श्री सेठ ने कहा पिछले पांच सालों में लोकसभा के अंदर रांची की जनता का आवाज बनकर जनहित के मुद्दे को उठाता रहा हूं। पिछले पांच सालों में लगातार कई क्षेत्रों में विकास के कार्य हुए हैं। आगे और तेज गति से रांची का विकास हो और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने में हम सब मिलकर योगदान दें, ताकि भारत विश्व गुरु बने।

## प्रारंभिक स्कूलों की अवकाश तालिका रद्द करने की मांग

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रारंभिक स्कूलों की अवकाश तालिका को रद्द करने की मांग की है। प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि यह छात्र और शिक्षक हित में नहीं है। इसमें व्यापक त्रुटि और शैक्षणिक माहौल की अनदेखी की गयी है। दो महीना बीतने के बाद अवकाश तालिका जारी करना उचित नहीं है। महत्वपूर्ण पर्व त्योहार में एक-एक दिन की छुट्टी देकर मात्र खानापूर्ति की गयी है। इस कारण अवकाश तालिका रद्द किया जाना चाहिए।

# गैंगरेप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड की बदनामी : नायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि विदेशी महिला के साथ गैंगरेप की घटना से झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी हुई है। इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और सरकार को गंभीरता पूर्वक कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। इन दिनों झारखंड में महिलाओं के साथ हत्या-बलात्कार, गैंगरेप की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है और सरकार मूकदर्शक है। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी इस घटना की निंदा करती है।


# संतोष कुमार सोनी जदयू में शामिल हुए



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सह पश्चिम बंगाल प्रभारी संतोष कुमार सोनी ने सैकड़ों समर्थकों संग जदयू में शामिल हुए। हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने सदस्यता दिलायी। अध्यक्षता संतोष कुमार सोनी, मंच संचालन तपन राजवार ने किया। मौके पर भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद, मनोज सिन्हा, राजू महतो, रामजी प्रसाद और अन्य उपस्थित रहे।

## पंडरा से 10 किलो गांजा जब्त, एक गिरफ्तार



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी में पुलिस ने 10 किलो गांजा बरामद किया है। सूचना मिली थी कि पंडरा ओपी इलाके में बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी की जा रही है, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है और सरगना की तलाश कर रही है।

# भ्रष्टाचार के कारण बालू का टेंडर नहीं : धर्मेंद्र

**अबुआ आवास में पंचायत से लेकर ब्लॉक तक बिचौलिये हावी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय पलामू क्लब में रविवार को हुआ। इसका उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय ने की। केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण युवाओं का हक मारा जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा का क्वेश्चन पेपर बेच दिये जाते हैं, जिसके चलते योग्य पीछे रह जाते हैं। अयोग्य उम्मीदवार का चयन हो जाता है। भ्रष्टाचार के कारण बालू का टेंडर नहीं हो पा रहा है। बालू के अभाव में 70 प्रतिशत व्यवसाय प्रभावित है। शहरी क्षेत्रों में बालू के कारण निर्माण कार्य ठप है। रोजगार के अभाव में मजदूरों का पलायन जारी है। भू माफिया प्रशासन की मिलीभगत से तालाबों का अतिक्रमण कर रहे हैं। अबुआ आवास में पंचायत से लेकर ब्लॉक तक बिचौलिये हावी हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए लड़ना होगा। लड़ने के लिए भारतीय जनतंत्र मोर्चा को मजबूत करना होगा, ताकि भ्रष्टाचार से मुकाबला किया जा सके। मिथिलेश कुमार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बात सरकार करती है, पर महिलाओं को भ्रमित किया जा रहा है। दिलीप पांडेय ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने नहीं देंगे। कार्यक्रम में हरिनारायण प्रजापति, अभिषेक पांडेय, छोटू पांडेय, दीप नारायण दुबे, ओमप्रकाश सिंह, सूरज राम, विवेक कुमार, अनीश कुमार, महेंद्र पासवान, दुर्गा राम केवट, जयकिशोर केवट, रंजीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## आक्रोश दिवस के रूप में मनेगा झामुमो का 51वां स्थापना दिवस

# पहली बार आज स्थापना दिवस में कल्पना सोरेन होंगी शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो गिरिडीह जिला का 51वां स्थापना दिवस समारोह 4 मार्च को आक्रोश दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम को लेकर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों को होर्डिंग और हरा झंडा से पाट दिया गया है। शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाये गये हैं। गिरिडीह झंडा मैदान में मुख्य समारोह होगा। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहेंगी।

**तैयारी की मॉनिटरिंग कर रहे सुदिव्य-सरफराज :** गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद दिनभर मॉनिटरिंग करते रहे। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि स्थापना सह आक्रोश दिवस को लेकर सभी तैयारी पूरी हो गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से झामुमो कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार ने लोकतंत्र पर हमला किया है। झारखंड की मौजूदा हालात हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ यह व्यवहार आदिवासी होने की वजह से हुआ। कहा कि भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में पराजय को पचा नहीं पायी है।

### भाजपा के षड्यंत्र का होगा पर्दाफाश : डॉ सरफराज

**गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि आक्रोश दिवस के माध्यम से भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जायेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से जनता में आक्रोश है। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरी जायेगी।**

## यूएस कॉन्सुलेट जनरल के अधिकारियों संग चेंबर की वार्ता

# औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अनुकूल माहौल : रूम्मन दस्तमीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** यूएस कॉन्सुलेट जनरल कोलकाता के आर्थिक और राजनीतिक मामलों के वाणिज्य दूत काजी रूम्मन दस्तमीर और राजनीतिक विशेषज्ञ टिंकू रॉय से झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। अधिकारियों से मुलाकात झारखंड प्रवास के दौरान की गयी। होटल रेडिशन ब्लू में हुई मुलाकात के दौरान झारखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और सुझावों का आदान प्रदान किया गया। काजी रूम्मन दस्तमीर ने झारखंड मे औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए तैयार अनुकूल माहौल और यहां के कुशल श्रमबल की प्रशंसा की। अध्यक्ष किशोर मंत्री ने माइनिंग, टेक्सटाइल, सिल्क, वन उत्पाद, होर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में झारखंड के बढ़ते कदम पर संतोष जताते हुए कहा कि कुटीर उद्योग से जुडी महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने की दिशा में भी चेंबर निरंतर प्रयासरत है। मुलाकात के दौरान उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सदस्य आनंद कोठारी और प्रमोद चौधरी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# सरकार ने समाज के हर वर्ग को दुखी किया: सुदेश महतो

- गलत नीति निर्धारण से प्रगति का पथ अवरुद्ध
- आप महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह आजसू में शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में वर्तमान हालात अच्छे नहीं हैं। इससे समाज का हर वर्ग दुखी और निराश है। साथ ही गलत नीति निर्धारण से प्रगति का पथ भी अवरुद्ध है। सुदेश महतो रविवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में कइयों ने पार्टी की सदस्यता ली।

सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्य की राजनीति को नयी दिशा देने के लिए सभी का आजसू पार्टी में स्वागत है। राज्य में सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए इच्छाशक्ति का होना आवश्यक है। हम सभी को मिलकर प्रदेश को फिर से अविराम गति से तरक्की के पथ पर लेकर जाना है। उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर सत्ता को जिम्मेदार बताया। साथ ही कहा कि राज्य को कैसा देखना चाहते हैं, यह हमारी सोच में होना चाहिए। आजसू के मंच से आप सभी जनता के हक अधिकार की आवाज उठाने का काम करें।

सतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास के उद्देश्य से आजसू पार्टी में शामिल हुआ हूं। पूरी प्रतिबद्धता के साथ झारखंड का नवनिर्माण करेंगे। 2024 में हमारी सरकार बनेगी।

**इनकी रही उपस्थिति :** मिलन समारोह में डोमन सिंह मुंडा, मुकुंद चंद्र मेहता, हसन अंसारी, देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, तरुण गुप्ता, मोसिन खान, संजय महतो, वीणा देवी, एस अली उपस्थित रहे।

# साईं नाथ विवि में सजी आस-पड़ोस युवा संसद




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र और साईं नाथ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं, इसलिए युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, इसलिए युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना होगा। कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है, ताकि वह अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें। इसके साथ ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सकें। कुलपति डॉ गोपाल पाठक, डॉ एसपी सिंह, सर्वेंद्र प्रताप सिंह डॉ अमर चौधरी, गौरव अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### तुपुदाना-बालसिरिंग के पास ट्रेन से कट कर मौत

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से आगे तुपुदाना-बालसिरिंग के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटे। फिलहाल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ की गयी है, लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की।

### पलामू में सीआरपीएफ की दो कंपनियां संभालेंगी मोर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं। चुनाव को लेकर पलामू में एक बार फिर सीआरपीएफ की दो कंपनियां तैनात की जायेंगी। लोकसभा चुनाव से पहले सीआरपीएफ के नेतृत्व में झारखंड.बिहार सीमा पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, टीएसपीसी और जेजेएमपी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जायेगा। गृह मंत्रालय और राजस्थान सरकार के सहयोग से पलामू को सीआरपीएफ की दो कंपनी उपलब्ध करायी जा रही है। झारखंड के अन्य जिलों को भी लोकसभा चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों की एक-एक कंपनी उपलब्ध करायी जानी है। साल 2023 के शुरुआती महीनों में पलामू से सीआरपीएफ को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। पलामू में तैनात सीआरपीएफ की 134 बटालियन को सारंडा इलाके में तैनात कर दिया गया है। सीआरपीएफ का मुख्यालय पलामू में है, लेकिन इसकी सभी कंपनियां सारंडा इलाके में तैनात हैं, जिसकी वजह से माओवादी खुद को मजबूत करने की फिराक में हैं। सीआरपीएफ के हटने के बाद नक्सल विरोधी अभियान भी कमजोर हुआ है।

### विश्व जन्मजात जन्म दोष पर सीएमइ

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व जन्मजात जन्म दोष दिवस पर रविवार को रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से सीएमइ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने जन्मजात दोषों को कदाचार से संबंधित बताया और कहा कि जिस तरह कुरूपता होने से शिशु अपंग होकर ठीक से विकसित नहीं हो पाता, उसी तरह अगर सरकारी अस्पताल रिम्स के डॉक्टर कदाचार करेंगे, तो रिम्स भी अपंग होगा और उसका विकास संभव नहीं है। इसके अलावा कार्यक्रम को मुम्बई से आये डॉ संतोष कर्मकार के साथ रिम्स और अन्य निजी अस्पतालों के शिशु शल्य चिकित्सक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ ने भाग लिया।

### चतरा लोकसभा चुनाव लड़ेगा खरवार भोगता समाज



रांची (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक नीलांबर पीतांबर पार्क मोरहाबादी रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गोंझू ने की। बैठक में 28 मार्च को सभी जिला में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही इसको लेकर चतरा-लातेहार जिला में बैठक कर रणनीति बनायी जायेगी। बैठक में यौधेश्वर सिंह भोगता, मंगल सिंह भोगता, बलराम कुमार, विश्वनाथ गोंझू, विजय भोगता, बालदेव गोंझू, प्रकाश गोंझू, कृष्णा भोगता, शिवदयाल गोंझू, सुखदेव गोंझू, मयूर गोंझू, करम गोंझू, जीतू प्रधान, सोहन गोंझू आदि मौजूद थे।

### श्रीकृष्ण प्रणामी परिसर में अन्नपूर्णा भंडारा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन रविवार को बुजुर्गों की स्मृति में किया गया। शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग आश्रम के प्रांगण स्थित श्री कृष्ण प्रणामी में यह आयोजन हुआ। संस्था के पवन पोद्दार, अमन अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, अनुभा खेतान, धीर खेतान के द्वारा निःशुल्क भोजन भंडारा किया गया। लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने माता अन्नापूर्णा का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पुरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, अमन अग्रवाल, धीर खेतान, विशाल जालान, कैलाश बाबू, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, अंजनी अग्रवाल, आरव अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदीप साहू, प्रेम कुमार, विधा देवी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, अनुभा खेतान, अमिता जालान, सुनीता अग्रवाल, शकुंतला केजरीवाल समेत अन्य मौजूद थे।

### मतदाता सूची में नाम चेक करने के लिए अभियान आज से




रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर सोमवार से पूरे राज्य भर में मतदाता सूची में नाम सत्यापित करने के लिए अभियान चलाया जायेगा। इसको लेकर सोमवार को सभी बूथ स्तरीय पदाधिकारी को बूथ पर रहने के निर्देश जारी किया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जाकर जरूर चेक कर लें। कई बार देखने में आता है कि किसी विसंगतिवश नाम कट जाता है, किंतु मतदाता इससे अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसी स्थिति में मतदान के दिन ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसलिए जो लोग अपना नाम चेक करने के लिए बूथ नहीं जा सकते हैं, वे कम से कम इतना कार्य जरूर करें कि गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम जरूर सत्यापित कर लें। किसी भी विसंगति की स्थिति में अपने बीएलओ को बतायें या निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें।

## राजधानी में शराब दुकानदारों की गुंडई

# प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने का विरोध, तो दारोगा को पीटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में शराब दुकानदारों की गुंडागर्दी कायम है। ताजा मामला लालपुर थाना क्षेत्र के डोज शराब दुकानदारों का है, जहां पर एक दारोगा सुमन कुमार शर्मा की पिटाई कर दी गयी। पिटाई करने के बाद दारोगा के आइडी कार्ड को दुकानदारों ने रख लिया। इसके बाद दारोगा सुमन कुमार शर्मा ने डोज कर्मी सुमित नायक और अन्य के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दारोगा सुमन कुमार शर्मा अपने मित्र शुभांशु, भरत उरांव और सुमित कुमार के साथ रात 8 बजे डोज शराब दुकान बियर लेने गये थे। दुकानदार प्रिंट रेट से अधिक 20 रुपये ले रहा था। इसका विरोध करने पर डोज कर्मी ने इन सभी को धमकी दी और विरोध करने पर जम कर पिटाई कर दी। हालांकि दारोगा सुमन कुमार शर्मा ने अपना परिचय दिया, जिसके बाद भी डोज कर्मी इनकी बात को नहीं माने और पिटाई करते रहे। दारोगा सुमन कुमार शर्मा ने अपना आइडी कार्ड दिखाया, लेकिन डोज कर्मियों ने उनके आइडी कार्ड को भी रख लिया। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच चल रही है।

## 244 दिनों से हड़ताल पर, अब राजभवन की ओर रुख

# मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के आंदोलन का रविवार को 244वां दिन रहा। पिछले साल 8 जुलाई से स्वयंसेवकों की ओर से आंदोलन किया जा रहा है। विधानसभा सत्र के दौरान पांच दिनों तक पंचायत स्वयंसेवकों ने विधानसभा घेराव किया। वहीं, जगन्नाथपुर मंदिर के समीप विरोध प्रदर्शन किया। रविवार से स्वयंसेवकों की ओर से राजभवन के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने जानकारी दी कि पांच सूत्री मांग के लिए 18 हजार स्वयंसेवक पिछले साल से आंदोलन कर रहे हैं। सरकार से निवेदन है कि अगली कैबिनेट में संघ की मांगों को पूरा किया जाये। जब तक संघ की मांगों को कैबिनेट से पूरा नहीं किया जाता है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### अलग-अलग स्तरों पर हुई वार्ता

अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि आंदोलन के क्रम में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग स्तरों पर वार्ता की। इस दौरान पार्टी प्रतिनिधि, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारियों तक से मुलाकात की गयी, लेकिन हर जगह से आश्वासन के बाद भी संघ की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। संघ मांग करता रहा कि मांगों को कैबिनेट में पास किया जाये।

### ये हैं मांगें

- प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से वार्ता।
- सेवा का स्थायीकरण।
- मानदेय और समायोजन की पहल।

# लोस चुनाव को लेकर झारखंड में तैयारियां तेज

- पुलिस अधिकारियों को दी गयी ट्रेनिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर अब झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी और सभी जिलों के एसपी को चुनाव के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। चुनाव संबंधित प्रशिक्षण के लिए रविवार को सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी और जिलों के एसएसपी-एसपी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइपीएस एवी होमकर, मयूर पटेल, अश्विनी सिन्हा और धनंजय सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों को चुनाव से संबंधित टिप्स दिये।

**मैनुअल के तहत प्रशिक्षण पर जोर :** लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव में प्रतिनियुक्त जवानों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण चला।

**वीआइपी सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी :** झारखंड पुलिस के आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार लोकसभा चुनाव के दौरान वीआइपी सुरक्षा के नोडल पदाधिकारी हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से लेकर कई वीआइपी और स्टार प्रचारकों का आना-जाना रहेगा। ऐसे में वीआइपी सुरक्षा में किस तरह के प्रोटोकॉल का पालन करना है, इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों को दी गयी है।

## सरकुलर रोड पर धूल-डस्ट से लोग बेहाल

# नगर निगम तुरंत समस्या से निजात दिलाये: राजेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकुलर रोड में धूल और मिट्टी गिराया गया है, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। सड़क पर इतना ज्यादा धूल-डस्ट उड़ रहा है कि सुबह-दोपहर स्कूली बच्चे को स्कूल जाने और आने के समय परेशानी हो रही है। इस प्रदूषण से सांस की बीमारी होगी। प्रसाद ने कहा कि गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए वर्द्धवान कंपाउंड क्षेत्र में गड्ढा खोदा गया था, लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद समतलीकरण नहीं किया गया। इससे परेशानी हो रही है। नगर निगम इस समस्या का त्वरित निदान करे।

# श्री श्याम संघ का फाल्गुन उत्सव 20 मार्च को, निकलेगी शोभायात्रा

- श्रीश्याम संग भक्त खेलेंगे फूलों की होली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम संघ फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनायेगा। रविवार को बैठक कर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। साथ ही उत्सव का पोस्टर भी जारी किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि फाल्गुन सुदी एकादशी पर निशान चढ़ाने का बड़ा महत्व है। इसी भाव से इसका आयोजन किया जा रहा है। श्री राधा वल्लव मंदिर अपर बाजार में 20 मार्च को सुबह सात बजे श्रीगणेश और निशान पूजन किया जायेगा। इसके बाद यात्रा शुरू होगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते और श्रीश्याम के 501 निशान लहराते हुए हिस्सा लेंगे। श्रीश्याम संग भक्तगण फूलों की होली खेलेंगे। मौके पर रोहतक हरियाणा की भजन गायिका रितिका चावला भक्ति गीतों की लड़िया लगायेंगी। संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया, आकाश शर्मा, सुमित अग्रवाल, ललित शर्मा, अनिल लोहिया, संजय सुरेका, आशीष अग्रवाल, सौरभ कटारुका, मनोज काबरा, हरेंद्र अग्रवाल, विकास मोदी, अभिषेक चौधरी, रवि अग्रवाल उपस्थित थे।

### रांची महानगर कांग्रेस कमेटी ने यूपी के सीएम का पुतला फूंका



रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में यूपी में पुलिस द्वारा 17 साल के सुमेश की हत्या के विरुद्ध में सीएम आदित्यनाथ योगी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मिथलेश कुमार, सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, बंटी पासवान, मुकेश राम, सुरेश मिर्धा, विनय नायक, अजय कुमार, अशोक कुमार समेत अन्य ने इस घटना की निंदा की। साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

# भाजपा की साजिश से हेमंत सोरेन जेल में हैं : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 17वें दिन रविवार को झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर मुश्ताक आलम ने कहा कि एक आंदोलनकारी का बेटा हेमंत सोरेन रात-दिन लोगों की सेवा में लगा रहा, लेकिन भाजपा की साजिश के चलते काल कोठरी में बंद है। मुश्ताक ने कहा कि हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें अपने में शामिल करने का ऑफर दिया, लेकिन हेमंत सोरेन ने राज्य के जनादेश का सम्मान करते हुए उनके साथ जाने से मना कर दिया। तब केंद्र सरकार ने इडी, सीबीआइ का सहारा लेकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम शुरू किया, लेकिन हेमंत सोरेन जेल जाना पसंद किये, पर उनके साथ जाना पसंद नहीं किये। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# नारी के सम्मान से समाज की सभी महिलाओं को बल मिलता है: कुमुद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन की ओर से आर्यभट्ट सभागार में दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन नारी सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। इसमें मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, चामी मुर्मू, सांसद महुआ माजी, आशा लकड़ा, चंचला ठाकुर, ब्रजेश कुमार, परितोष झा, मिथलेश मिश्रा, अजय झा थे। कार्यक्रम में सभी जगहों की 65 उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मनित होने वाली लवली चौबे कॉमनवेल्थ प्लेयर वसुधा झा, नीता नारायण, नीपा दास, आशा तिर्की, अलीशा गौतम, मीनाक्षी मुंडा, कंचनलता, जन्नत कनिका को सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि महिलाओं को सम्मान से प्रेरणा मिलती है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि महिलाएं ही समाज गढ़ती है।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# राजनीति के मैदान में उतरेंगी कल्पना

## जन्मदिन पर दिशोम गुरु का लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जन्मदिन पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन (सास) का आशीर्वाद लिया। इससे पहले सुबह ही उन्होंने बिरसा मुंडा जेल जाकर पति हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की थी। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा, मेरे पिता भारतीय सेना में थे। वह सेना से रिटायर हो चुके हैं। पिताजी ने सेना में रहकर देश के दुश्मनों का डटकर सामना किया। बचपन से ही उन्होंने मुझमें बिना डरे सच के लिए संघर्ष करना और लड़ना सिखाया है।

### आज से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करेंगी कल्पना सोरेन

सोशल मीडिया पर कल्पना सोरेन ने लिखा, झारखंडवासियों और झामुमो परिवार के असंख्य कर्मठ कार्यकर्ताओं की मांग पर सोमवार से मैं सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर रही हूं। जब तक हेमंत जी हम सभी के बीच नहीं आ जाते तब तक मैं उनकी आवाज बनकर आप सभी के बीच उनके विचारों को आपसे साझा करती रहूंगी, आपकी सेवा करती रहूंगी। विश्वास है, जैसा स्नेह और आशीर्वाद आपने अपने बेटे और भाई हेमंत सोरेन को दिया है, वैसा ही स्नेह और आशीर्वाद, मुझे यानी हेमंत जी की जीवन संगिनी को भी देंगे।

# पूर्ण योजना और पूर्व योजना से 400 पार का संकल्प पूरा करें : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में नव गठित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर शाम नव गठित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें अलग-अलग विभागों की रचना के अनुसार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, समिति के संयोजक एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, मृत्युंजय शर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी, विभाग के संयोजक सह संयोजक उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव कार्य का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कहा कि पार्टी हमेशा पूर्व योजना और पूर्ण योजना पर काम करती है, जिसके कारण सफलता साकार होती है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें जो जिम्मेवारी मिली है, उसे पूरा कराना है। हमारा लक्ष्य अपने विभाग को यशस्वी बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कार्यकर्ता को बूथ तक के कार्यकर्ता को सहयोगी बनाना है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता एक बूथ ,एक गांव को गोद ले। वहां सर्वाधिक वोट पार्टी के पक्ष में मिले, इसे सुनिश्चित कराना भी हमारा दायित्व है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अब बड़े लक्ष्य को आसानी से पूरा करने के लिए अपने-अपने विभाग के सुचारू संचालन में जुट जायें। कहा कि रोड मैप बना कर काम करने से सफलता आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि जनता का मिजाज भाजपा के साथ है। हम सबको उनके दरवाजे पर बार-बार दस्तक देनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सभी विभागों के संबध में विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यों पर चर्चा की। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने किया।

## अनगड़ा में ओम आरोहणम् संस्था की ओर से मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एनजीओ आगे आयें: बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** ओम आरोहणम् संस्था के तत्वावधान में रविवार को गोंदलीपोखर में एकदिनी मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं संस्था की निदेशक शेफाली गुप्ता ने फीता काटकर किया। शिविर में हेल्थ प्वाइंट मल्टी स्पेसिलिटि हॉस्पिटल बरियातू रांची के चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ की जांच की गयी तथा उनके बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिये गये। मौके पर बोलते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी के साथ चिकित्सकीय सुविधाओं का भी अभाव है। ऐसे में गैर सरकारी संगठनों को आगे आकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने खासकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में जहां सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव पाया जाता है वहां गैर सरकारी संगठनों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, खानपान, विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपाय एवं निदान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। सांसद आदित्य साहू ने संस्था के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुदूर इलाकों में यह संस्था गरीबों के लिए सच्ची सेवा कर रही है। ओम आरोहणम संस्था की निदेशक शेफाली गुप्ता नें स्वास्थ्य जांच शिविर के उदेश्यों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जैलेंद्र कुमार, सुरेश साहू आदि उपस्थित थे।

# 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**पुलिस पब्लिक रिपोर्टर ने आयोजित किया कार्यक्रम**

**रांची।** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड का आयोजन रविवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में किया गया। इसमें झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची विधायक सीपी सिंह, डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआइजी सुबोध प्रसाद, रांची के पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव, आजसू नेता जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। वहीं पुलिस पब्लिक रिपोर्टर टीम के सरफराज कुरैशी, शाहिद खान, समीर हेजाजी, संदीप मिश्रा, इबरार गद्दी, प्रियंका सिंह, बाल भद्र बराइक, असगर एजाज, नबो दत्ता, रवि वर्मा, जयप्रकाश जायसवाल ने प्रोग्राम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मौके पर सभी अतिथियों ने पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड को खूब सराहा।

### इन्हें मिला नेशनल अवार्ड

मधु सूदन मोदक पुलिस निरीक्षक गोड्डा झारखंड, फलक फातिमा युवा समाजसेवी धनबाद, रवि शंकर सिंह, परीचारी झारखंड पुलिस, रितेश कुमार थापा, भावी प्रत्याशी वार्ड 45 सह समाजसेवी रांची, साहेब अली, देवेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रांची, फैज अकरम, समाजसेवी हजारीबाग, स्वेताभ डायरेक्टर स्काई स्केप एंड लांज रांची, डॉ मेघा रानी लेखिका रांची, राजीव चटर्जी, अध्यक्ष बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन, राजेश तिर्की समाज सेवी रांची, अफसर डायरेक्टर दावत पैलेस डोरंडा, रमाशंकर प्रसाद, बैधनाथ कुमार, डॉ उमा शंकर वर्मा, सुमन कुमारी महतो, मो सहाबुद्दीन खान लेखक गाजीपुर, उत्तर प्रदेश डॉ विश्वजीत घटक ज्योतिष शशिकांत मिश्रा, राम चंद्र उरांव मुख्य शेफ होटल रेडिसन ब्लू रांची।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोअर बाजार थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सैकी दीन उर्फ सैकी कच्छप (28 वर्ष) पिता- सामुएल कच्छप के रूप में हुई है। वह पुरुलिया रोड एजी चर्च के पास कांटाटोली का रहनेवाला है। पुलिस ने उसके पास से एक 7.065 बोर की पिस्टल, दो मैगजीन, तीन जिंदा गोली बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी सैंकी पर डोरंडा थाना में आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। वह गुमला से भी जेल जा चुका है।

# संजय सेठ और मनीष जयसवाल को प्रत्याशी बनाने पर वैश्य महासम्मेलन ने जताया आभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश ने रांची से संजय सेठ और हजारीबाग से मनीष जयसवाल को प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। रांची जिलाध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि झारखंड में दो वैश्य समाज को प्रत्याशी बनाकर भाजपा ने अपना वादा पूरा किया। झारखंड में ओबीसी और वैसे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। बधाई देने वालों में ज्ञानशंकर, संजय चौधरी, अरविंद गुप्ता, डॉ विजय प्रकाश, डॉ दिलीप सोनी, नीरज चौधरी, नीरज कुमार, आनंद गुप्ता, सूरज साहू, गोपाल लोहिया, शंभू गुप्ता, कमल गुप्ता, मदन केसरी, विजय साहू, शमी गुप्ता, बजरंग प्रसाद गुप्ता शामिल थे।

# शशिशेखर कश्यप बने जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान रंगमंच परिसर में रविवार को प्रखंड के जनवितरण प्रणाली दुकानदार विक्रेता संघ की बैठक श्रीकांत मेहरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अपने-अपने विचार रखते हुए दुकानदार संघ का चुनाव संपन्न हुआ।

जहां सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए शशि शेखर कश्यप, सचिव पद के लिए सरिता एक्का व कोषाध्यक्ष पद के लिए सौमित्र शर्मा को चुना गया। इसके बाद सभी चुने गये पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर अरुण कुमार सिंह, शनिका उरांव, रामेश्वर साहू, सोहन प्रसाद, राजेंद्र साहू, अजित कुमार राय, पतरस उरांव, बजरंग महिला समूह डोरंडा, सरना जागृति महिला मंडल नेहालु, प्रभात महिला मंडल नारी, जीवन ज्योति महिला मंडल पुरियो, खुशबू महिला मंडल करकरी, मंसूर हुसैन, कार्तिक उरांव, सुरेंद्र साहू, रवींद साहू, चामा लोहरा, अनूप साही, राजू उरांव, विष्णु साहू, मो मजीद, शारदा देवी आदि मौजूद थे।

# एग्रोटेक किसान मेला में कर्रा के किसान दिलीप शर्मा सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कृषि विवि, रांची के तत्वावधान में शनिवार और रविवार को कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के प्रगतिशील किसान दिलीप कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया।

दो दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का उद्घाटन कृषि एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा किया गया था। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने रविवार को कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के प्रगतिशील किसान दिलीप कुमार शर्मा को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने लिए सम्मानित किया गया। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष दीपक राय ने बताया कि सम्मानित किसान द्वारा सात एकड़ भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत गेहूं, चना, सरसो, मूंग तथा अन्य फसलों का उत्पादन किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से पानी की बचत करते हुए फसल की सिंचाई की जाती है, जहां केवल 10 से 15 प्रतिशत पानी से ही खेत में फसल उपजायी जाती है। साथ ही इससे फसल में खरपतवार की समस्या नहीं होती। इस प्रकार की सिंचाई प्रणाली झारखंड के किसानों के लिए वरदान है। मौके राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, कुलपति डॉ एससी दुबे, प्रसार निदेशक डॉ जगन्नाथ उरांव आदि उपस्थित थे।

# शोषण मुक्त झारखंड बनायेंगे: दीपक महतो

**जेबीकेएसएस के महासचिव दीपक महतो ने की प्रेस वार्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव दीपक महतो ने कांके चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता में कहा कि समिति लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगी है। कोर कमेटी की बैठक के पश्चात चुनाव लड़ने संबंधी निर्णय लिया जायेगा और समिति से जुड़े उम्मीदवार मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। इन्होंने बताया कि अध्यक्ष जयराम महतो भी लोकसभा चुनाव को लेकर भावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। हम लोगों ने जिस झारखंड राज्य की कल्पना की थी वह अभी अधूरा है। इसलिए शोषण मुक्त झारखंड बनाने के लिए हमारी समिति कृत संकल्पित है। झारखंडी जनमानस को हम सभी साथ लेकर चलेंगे। हम लोगों ने स्थानीय नीति, 1932 का खतियान राज्य में लागू करवाने हेतु सार्थक पहल भी की है। समिति गांव, पंचायत और प्रखंड स्तर पर पूरे राज्य में संगठन को मजबूत करने पर कार्य कर रही है। कांके प्रखंड में संयोजक मंडली का गठन किया गया है। जिसके विनोद कुमार महतो संयोजक बनाये गये हैं। दीपक महतो ने बताया कि मैं झारखंड आंदोलनकारी हूं और पिछले दो दिनों से हमारे गांव गागी जो कांके थाना अंतर्गत पड़ता है। हमारी ही जमीन पर कुछ लोग गलत तरीके से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसका खाता संख्या 91 रकवा 5.14 डिसमिल है। जिसकी सूचना हमने राज्यपाल, ग्रामीण एसपी, एसएसपी राची और कांके थाना को दी है। प्रेस वार्ता में केंद्रीय महामंत्री पंचम एक्का, विनोद कुमार महतो, मनोज कुमार, रामकुमार, मुकेश कुमार, निरंजन कुमार, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, शशि भूषण भगत सहित कई सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा का घेराव आज

**बेड़ो। लूट व झूठ के खिलाफ भाजपा का प्रखंड कार्यालय में सोमवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। यह जानकारी मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने दी। जिला प्रदेश कार्य समिति सदस्य सहित दोनों मंडल के भाजपाइ शामिल होंगे।**

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 1288 दिनांक 28.02.2024 मैं, अजय कुमार राम, पिता दिलीप राम, उम्र लगभग 24 वर्ष, धर्म हिन्दु, पेशा - छात्र, राष्ट्रियता - भारतीय, निवासी ग्राम - आरा, 96 कॉलोनी, थाना - माण्डु, जिला - रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ निम्न ब्यान करता हूँ। 1. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम अजय कुमार राम है जो कि मेरे नाम निर्गत आधार कार्ड सं. 9829 9666 0950 एवं पेन कार्ड में दर्ज है। 2. यह कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा सालबेड़ा में मेरा एक बचत खाता पासबुक है जिसका खाता संख्या 486910010003427 मे मेरा नाम अजय कुमार दर्ज है। 3. यह कि अजय कुमार राम और अजय कुमार दोनो एक ही लड़का का है जो मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र मै अपने उक्त बचत खाता पास बुक में दर्ज मेरा नाम अजय कुमार के स्थान पर अपना सही एवं वास्तविक नाम अजय कुमार राम सुधार कराने हेतु बैंक के संबंधित विभाग के लक्ष्य पदाधिकारी के पास दे रहा हुँ।

सत्यापन - मै अजय कुमार राम एतत द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त मेरे जानकारी में सत्य व सही है

# मणिपुर में हिंसा कब थमेगी

जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर की नगा और कुकी जनजातियां मैतेई समुदाय को आरक्षण देने के विरुद्ध हैं, क्योंकि बहुसंख्यक मैतेई का पहले ही राज्य में नौकरियों एवं सरकार में अधिक प्रतिनिधित्व है तथा नगा और कुकियों की तुलना में उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर है। नगा और कुकियों का तर्क है कि अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलने से मैतेई समुदाय न सिर्फ आवश्यकता से अधिक नौकरियां और लाभ प्राप्त कर लेगा, बल्कि वे नगा व कुकियों की जंगलों की जमीन पर भी कब्जा कर लेंगे। इसी कारण 27 मार्च, 2023 को मणिपुर हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 19 अप्रैल, 2023 को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग पर अपनी सिफारिशें भेजने का हाइकोर्ट द्वारा निर्देश देने के विरुद्ध आल ट्राइबल स्टूडैंट्स यूनियन मणिपुर ने 3 मई को आदिवासी एकता मार्च निकाला और तभी से वहां भड़की हिंसा अभी तक जारी है। मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया उईके के अनुसार लगभग 11 महीनों से चले आ रहे इस आंदोलन में अब तक 219 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, अनेकों महिलाओं का बलात्कार हुआ तथा 800 करोड़ से अधिक की सार्वजनिक सम्पत्ति की भी तबाही हुई है। ऐसे हालात के बीच गत 22 फरवरी को मणिपुर हाइकोर्ट की न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलु की पीठ ने एक समीक्षा याचिका की सुनवाई के दौरान 27 मार्च, 2023 को दिए फैसले के उस पैराग्राफ को हटाने का आदेश दिया, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर विचार करने को कहा गया था। इसी निर्देश को मणिपुर में हिंसा भड़कने के लिए जिम्मेदार माना जाता है, परंतु अदालत के रुख में बदलाव तथा इससे पूर्व गत वर्ष केंद्र सरकार से पीड़ितों की दी गयी राहतों और राज्य के विस्थापितों के लिए 101.75 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा के बाद भी हिंसा थमी नहीं है। अब यह भी खबर है कि पुलिस के जवानों ने अपने हथियार जमा कराना शुरू कर दिया है तथा ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार से और अधिक सुरक्षा बल भेजने का आग्रह किया गया है। देश के सामरिक रूप से संवेदनशील इस महत्वपूर्ण राज्य में हिंसा का लगातार जारी रहना चिंताजनक है। इससे न सिर्फ वहां जान-माल की क्षति होती रहेगी, बल्कि इस राज्य का विकास भी अवरुद्ध होगा। अतः जितनी जल्दी हो सके मणिपुर में व्याप्त जन असंतोष को शांत करने की जरूरत है, क्योंकि ऐसा न होने पर इस असंतोष का साथ लगते राज्यों में भी फैलने का खतरा हो सकता है।

> **अब यह भी खबर है कि पुलिस के जवानों ने अपने हथियार जमा कराना शुरू कर दिया है तथा ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार से और अधिक सुरक्षा बल भेजने का आग्रह किया गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राहुल गांधी आत्म मुग्धता से ऊपर उठें और कांग्रेस के सामने जो बड़ा खतरा 2024 के लोकसभा चुनाव हैं उसकी ओर ध्यान दें। राहुल का मुकाबला नरेंद्र मोदी से है किसी नौसिखिए राजनेता से नहीं। यह पलायनवाद है। 2024 के लोकसभा चुनाव का युद्ध लड़ें। युद्ध जीत गये, तो न्याय यात्रा भी संपूर्ण और आप की पिछली भारत जोड़ो यात्रा की सफलता भी सिद्ध हो जायेगी। युद्ध हार गये तो जग हंसाई होगी।**

# कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव जीने-मरने जैसा

**मोहन लाल**




और कांग्रेस के नेता न्याय यात्रा कर रहे हैं। कैसी विडंबना है? सत्ता पक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव क्षेत्रों के सिपाहसलारों को लड़ने-भिड़ने के लिए चुन भी लिया है जबकि कांग्रेस के राजकुमार सड़कों पर न्याय यात्रा लिए घूम रहे हैं। सोनिया गांधी, खड़गे साहिब या प्रियंका गांधी, राहुल गांधी एक नये गठबंधन इंडिया का गठन कर रहे हैं परन्तु गठन करते-करते न्याय यात्रा पर क्यों निकल गये? यह अस्थिर मन का संकेत है।

राहुल गांधी आत्म मुग्धता से ऊपर उठें और कांग्रेस के सामने जो बड़ा खतरा 2024 के लोकसभा चुनाव हैं उसकी ओर ध्यान दें। राहुल का मुकाबला नरेंद्र मोदी से है किसी नौसिखिए राजनेता से नहीं। यह पलायनवाद है। 2024 के लोकसभा चुनाव का युद्ध लड़ें। युद्ध जीत गए तो न्याय यात्रा भी संपूर्ण और आप की पिछली भारत जोड़ो यात्रा की सफलता भी सिद्ध हो जायेगी। युद्ध हार गये तो जग हंसाई होगी। भारतीय जनता पार्टी ने भारत की जनता के मनोविज्ञान को लोकसभा की 400 सीटों में घेर लिया है।

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने भारतीय जनता पार्टी के हौसलों को और गति दे दी है। अब देखना यह है कि भारत की जनता लोकतंत्र में किसके सिर ताज पहनाना चाहती है? राहुल गांधी न्याय अपने लिए मांग रहे हैं या भारत की 140 करोड़ जनता के लिए। यदि न्याय अपने लिए मांग रहे हैं, तो फिर न्याय यात्रा में लगे रहें और यदि जनता के लिए न्याय मांग रहे हैं, तो लोकसभा का युद्ध जीतो। कांग्रेस के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीवन-मरण का प्रश्न होना चाहिए। वैसे तो सारे विपक्ष के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव खतरे की घंटी है। आप पूछेंगे क्यों?

> **यदि देश में लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है तो विपक्ष को अपनी भूमिका का पता होना चाहिए।**

इसलिए कि 2014 से 2024 के इन दस सालों में नरेंद्र मोदी ने अपने आचार-व्यवहार से विश्वभर के नेताओं में अपनी पैठ बना ली है। कोई मान ही नहीं सकता था कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होगी। कौन जानता था 500 सालों से लटकता चला आ रहा बाबरी मस्जिद विवाद हल होगा? हो गया, श्रेय मोदी को मिला। नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं स्वयंमेव मोदी-मोदी होने लगता है।

राहुल गांधी को पता भी नहीं होगा कि लगभग 300 प्रबुद्ध संघ प्रचारकों की टीम नरेंद्र मोदी की सलाहकार टीम है। मोदी 24 घंटे मीडिया में दहाड़ते नजर आयेंगे। सारा मीडिया मोदी के आगे नतमस्तक है। प्रखर वक्ता हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शक्तिशाली संगठन मोदी के लिए कार्यरत है। भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकत्र्ता बिना ओवर कान्फीडैंस हुए काम में लगे हुए हैं। बूथ स्तर तक बड़े से बड़ा कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से लगा हुआ है। सेठ-साहूकार पार्टी को चुनावी फंड देने में गर्व अनुभव करते हैं। चलते हैं तो मानो अकेला शेर सैर को निकला है। कोई थकान नहीं। उनका अपना कोई नहीं सिवाय अपने देश के।

24 घंटे कार्यरत लोकसभा की 400 सीटों का ऐसा मनोविज्ञान लोगों के दिलो-दिमाग में बिठा दिया है कि छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी 400 सीटों से नीचे की बात नहीं करता। राहुल गांधी यह भी नहीं जानते कि एक ही व्यक्ति सर्वशक्तिमान बन गया है, जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी हो सकता है। राहुल गांधी सोचें, भारत की जनता तनिक विचार तो करे कि सारा राजनीतिक वातावरण विपक्ष विहीन दिख रहा है। यदि कहीं कोई विपक्षी नेता दिखाई भी देता है तो वह तेजहीन।

ऊपर से इडी या इनकम टैक्स वालों का ऐसा भय कि विपक्ष का 40 प्रतिशत भागता-भागता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहा है। थोड़ा जनता दिमाग पर जोर देकर देखें कि अकेले राहुल गांधी ही विपक्ष में बोलते हैं बाकी विपक्ष है कहां? विडंबना यह भी है कि कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति राहुल गांधी को गंभीरता से लेता ही नहीं। राहुल गांधी की बॉडी लैंग्वेज ही एक राजनेता की नहीं लगती। भारत की जनता यह भी देख रही है कि जब से राहुल गांधी कांग्रेस में कर्ता-धर्ता बने हैं और राहुल गांधी के नेतृत्व में जितने भी चुनाव हुए हैं कांग्रेस 90 प्रतिशत चुनाव हारती चली आ रही है।

खड़गे और सोनिया गांधी इस पर विचार क्यों नहीं कर रहे? आखिर कांग्रेस का एक लंबा और गौरवमयी इतिहास रहा है। नरेंद्र मोदी की गारंटियों के आगे कांग्रेस भयभीत क्यों है? क्या विपक्ष की सशक्त भूमिका नहीं निभा रही है? लुटकती क्यों चली जा रही है? क्या कांग्रेस विचार हीन हो गयी है या विचार करना ही नहीं चाहती? हारों पर हार पर विचार क्यों नहीं? कभी एक का तो कभी दूसरी विपक्षी नेताओं के कंधों का सहारा ले रही है। अपना अतीत इतिहास खोजे।

राहुल गांधी के अतिरिक्त विपक्ष में है तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी परंतु खतरे की घंटी इस विपक्षी नेता के दरवाजे पर दस्तक देती दिखायी देती है। आओ 2024 के लोकसभा नतीजों का इंतजार करें। उत्तर प्रदेश में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से हाथ मिलाया है। बिहार में विपक्ष में खड़े हैं एक नौजवान नेता लालू प्रसाद के सुपुत्र तेजस्वी यादव परंतु हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का उन से अलग होकर नरेंद्र मोदी से मिल जाना कोई दूसरी ही कहानी बिहार में कह रहा है।

यूपी और बिहार में लगता नहीं कि विपक्ष कोई अनहोनी 2024 के लोकसभा चुनावों में कर पाये। यह भी समय ही बतायेगा कि बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्षा मायावती यूपी में क्या हासिल करती हैं? अभी तक मायावती की स्थिति असमजंस की बनी हुई है। मायावती का तिलिस्म किस करवट बैठेगा। अभी कुछ कहना दूर की कौड़ी है। हरियाणा में विपक्षी कांग्रेसी नेता हैं भूपिंद्र सिंह हुड्डा परंतु उम्र लांघ चुके हैं। देखना यह भी होगा कि हरियाणा में इनैलो भाजपा के साथ चलती है या अलग-अलग रास्ता अपनाती है? राजस्थान में अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश में कमल नाथ या दिग्विजय सिंह अपनी भूमिका विपक्षी नेता के रूप में कितनी कारगर निभाते हैं।

इसी प्रकार का राजनीतिक धुंधलका जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला का है। वहां देखना यह होगा कि मुफ्ती महबूबा फारुख अब्दुल्ला से मिलकर चुनाव लड़ती है या अलग-अलग होकर चुनाव में अपना भाग्य आजमाते हैं। अब दिल्ली के केजरीवाल और पंजाब में भगवंत मान दोनों मुख्यमंत्री किस ओर रुख करते हैं। आप सरकार दिल्ली और पंजाब में विपक्ष की सरकारें संभाले हुए हैं।

आप एक नयी पार्टी है शायद विपक्ष के लिए कोई करिश्मा कर पाये, लेकिन लोगों में आप जैसी नई पार्टी पर आशाएं लगाना मृगतृष्णा के समान न हो परंतु मोदी के खिलाफ आप पार्टी अपनी-अपनी गोटियां फिट करती नजर आ रही हैं। यदि देश में लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है तो विपक्ष को अपनी भूमिका का पता होना चाहिए। विपक्ष सत्ता पक्ष का विकल्प है। विपक्ष का कमजोर होना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है।

**(लेखक : पूर्व परिवहन मंत्री, पंजाब हैं।)**

# 'कांग्रेस पार्टी इसी लायक है'

**मुकेश भारतीय**

आज कांग्रेस पार्टी के साथ जो कुछ मोदी और अमित शाह की जोड़ी कर रही है, यह कांग्रेस पार्टी उसी लायक है। आज कांग्रेसी नेताओं को सुनेंगे तो यह कहेंगे बीजेपी में नैतिकता नहीं है। बीजेपी विधायक खरीद रही है। बीजेपी सांसद खरीद रही है। बीजेपी सरकार गिरा रही है।

अटल जी के साथ सोनिया गांधी और उसके सलाहकार अहमद पटेल ने जो कुछ किया था पत्रकार स्वप्न दास गुप्ता के अनुसार अटल जी के आंखों में आंसू आ गये थे और वहां मौजूद कई लोगों ने अटल जी को रोते देखा था। 16 अप्रैल 1999 को अटल जी के सरकार का बहुमत परीक्षण होने वाला था अटल जी आश्वस्त थे कि वह बहुमत साबित कर देंगे।

कांग्रेस ने इतना गंदा खेल चला चला। एनडीए में शामिल अकाली दल के सांसद इंद्र कुमार गुजराल को तोड़ा गया। गुजराल ने ह्विप का उल्लंघन करके अटल जी के खिलाफ वोट डाला। इसके अलावा उस वक्त फारुख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस भी एनडीए में शामिल थी। नेशनल कांफ्रेंस के सैफुद्दीन सोज को अहमद पटेल ने कुरान की कसम देकर अटल जी के सरकार के खिलाफ वोट देने को कहा था।

यह तो कम नीचता है, उस वक्त सब चौंक गये कि जब 15 फरवरी को ही ओड़िशा के मुख्यमंत्री का शपथ ले चुके गिरधर गोमांग सदन में आ गये नैतिकता के अनुसार जब वह मुख्यमंत्री पद का शपथ ले लिये, तब उन्हें संसद से इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन फरवरी में वह मुख्यमंत्री बने और अप्रैल तक उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा नहीं दिया।

अटल जी की महानता थी कि उन्होंने सदन में खड़े होकर कहा कि यह मैं सोनिया गांधी और गिरधर गोमांग के विवेक पर छोड़ता हूं कि क्या वह जो कर रहे हैं वह नैतिक रूप से ठीक है और मुझे विश्वास है कि अपनी अंतरात्मा की आवाज मानते हुए गिरधर गोमांग सदन की वोटिंग में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि वह एक मुख्यमंत्री बने हैं। लेकिन उसके बावजूद भी भारत के लोकतंत्र का बलात्कार करते हुए सोनिया गांधी ने गिरधर गोमांग से वोट दिलवाया था और मात्र एक वोट से अटल जी की सरकार गिर गयी थी।

बाद में लॉबी में सारे पत्रकार थे और अटल जी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थी, क्योंकि अटल जी को विश्वास था की सोनिया गांधी और गिरधर गोमांग देश के लोकतंत्र का सम्मान करेंगे।

एक जमाना था, जब बीजेपी नैतिकता और उदारवादी पार्टी थी और जिसका फायदा इन कांग्रेसियों ने उठाया। अब मोदी और अमित शाह कांग्रेसियों को एक एक वोट के लिए तरसा दे रहे हैं और जब भी कोई कांग्रेस की सरकार गिरती है, तो कसम से बड़ा सुकून मिलता है और मैं अटल जी को याद करके सोचता हूं की अटल जी तो बेहद शरीफ सज्जन और सतयुग के आदमी थे, लेकिन आज इन कांग्रेसियों को जो सेंड पेपर पर नंगे बिठाकर रगड़ा जा रहा है, ये इसी के लायक हैं।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**

## जमशेदपुर की खबरें

# 185वीं जयंती पर याद किये गये सर जेएन टाटा

## टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के सीइओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने संस्थापक को अर्पित की श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के 185वीं जयंती पर जनरल ऑफिस गेट पास और बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। रविवार को श्रद्धांजलि में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन व टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने भारतीय उद्योग के महान जनक सह संस्थापक जे एन टाटा के 185वीं जयंती पर मालार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व यूनियन के पदाधिकारी सहित अलग-अलग विभाग के सैकड़ो कर्मचारी ने अपने संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की। वैसे प्रत्येक वर्ष थर्ड मार्च को संस्थापक दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर में सामुदायिक कल्याण के साथ औद्योगिक भविष्य के संस्थापक की दूरदर्शी सोच को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी शामिल होते है। इस वर्ष के थीम टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लेनेट रखा गया है। रविवार को कार्यक्रम की शुरूआत वर्क्स मेन गेट में चेयरमैन,सीईओ सह एमडी,यूनियन पदाधिकारियों, समूह कंपनी के अधिकारियों, कंपनी के कर्मचारियों व लौहनगरी जमशेदपुर के नागरिकों ने संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही बिस्टुपुर पोस्टल पार्क में शहरवासियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा संस्थापक जमशेदजी टाटा ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी जहां उद्योग सकारात्मक बदलाव के लिए एक बड़ी ताकत होगा। यह बहुत गर्व की बात है हम उनकी विरासत को बरकरार रख रहे हैं। इस अवसर पर हम अखंडता, नवाचार व सामाजिक



जिम्मेदारी के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जिन्होंने उद्योग की स्थापना के बाद से मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा हम जमशेदपुर शहर के निवासियों का एक उज्जवल व अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए समुदाय के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। वही पोस्टल पार्क में चेयरमैन ने टाटा वर्कर्स यूनियन में यूनियन पदाधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के द्वारा जमशेदपुर वर्क्स के स्टीलेनियम हॉल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व 2 मार्च की शाम चेयरमैन के द्वारा जुबली पार्क में संस्थापक की प्रतिमा पर प्रकाश सज्जा का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा,सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन द्वारा विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। जिसमें अग्रणी भूविज्ञानी पीएन बोस के नाम पर एक जियोलॉजी सेंटर, टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में आई-मेक और आई-सी प्रॉक शामिल हैं। वही एमडी टी वी नरेंद्रन ने शावक नानावती तकनीकी संस्थान में 14वीं तकनीकी प्रदर्शनी, टेकएक्स-2024 का उद्घाटन किया। इंटीग्रेटेड रिमोट ऑपरेशन सेंटर में दो नए अध्याय जोड़े गए हैं। जिनमें इंटीग्रेटेड रिमोट एग्लोमेरेट्स सेंटर और इंटीग्रेटेड रिमोट माइनिंग सुपरविजन सेंटर शामिल हैं। स्टील के कलिंगानगर,मेरामंडली झारखंड व ओडिशा में रॉ मटेरियल लोकेशन्स सहित अन्य स्थानों व कार्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजित किया। साथ ही टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीजन के द्वारा जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया।

# कोल्हान विवि बीएड शिक्षक संघ ने कम वेतनमान के प्रति जताया असंतोष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविधालय के बीएड शिक्षक संघ की एक बैठक जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉंलेज के बीएड सभागार में की गई। रविवार को संघ के अध्यक्ष डॉं राजू ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिला कॉंलेज चाईबासा, बहरागोड़ा कॉंलेज व को -आपरेटिव कॉंलेज के दो दर्जन से ज्यादा बीएड प्रोफेसरों ने भाग लिया। बैठक में सभी ने कोल्हान में बीएड शिक्षकों की बुरी स्थिति पर एक एक कर अपने विचार रखा। साथ ही कोल्हान के सभी विश्वविधालयों में बीएड शिक्षकों को सबसे कम वेतनमान देने के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त की। गौरतलब है इस मंहगाई के दौर में बीते 4 वर्षों में विश्वविधालय ने एक रुपया भी वेतन के रुप में नहीं बढ़ाया। जबकि बीएड फंड में करोडो. रुपये जमा है। समाज को एक प्रशिक्षित शिक्षक देने का काम बीएड विभाग के द्वारा की जाती है। लेकिन सबसे बुरी स्थिति में कोल्हान के बीएड शिक्षक की है। बैठक में मोबारक करीम,मनोज कुमार, डॉं राजीव लोचन नामता, राजेश समीर कच्छप,फ्लोरेंस बेक,डॉं राजीव नामता,डॉं अर्पित सुमन टोप्पो, राजीव प्रियदर्शनम ने अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखा। जिसमें वेतन बढ़ोत्तरी,सेवा नियमितिकरण का मुद्दा प्रमुख रहेगा। अध्यक्ष डॉं राजू ओझा ने कहा झारखंड सरकार ने संविदा में चल रहे विभिन्न विभागों के कार्यरत लोगों को नियमित कर रही है।लेकिन बीएड के अस्सिटेंट प्रोफेसरों पर ध्यान नहीं जाना काफी आश्चर्यजनक है।वर्त्तमान में कोल्हान की शिक्षकों का वेतन सबसे कम है जबकि फीस 1 लाख 20 हजार है। विनोबा भावे व विनोद बिहारी महतो विश्वविधालय में बीएड की फीस 1 लाख पचास हजार है। सैलरी लगभग 58 हजार है। कोई सर्विस ब्रेक भी नहीं है। वही राँची विश्वविधालय में 48 हजार है। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन डॉं ईरशाद खान ने दिया।

# चारों प्रखंड कार्यालय में भाजपा का विरोध प्रदर्शन आज

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही )। भाजपा प्रदेश नेतृत के निदेर्शानुसार झारखंड में गठबंधन सरकार के भ्रष्टाचार व जेएसएससी नियुक्त घोटाले के खिलाफ 4 मार्च को पूरे राज्यभर के प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई। बैठक में कांके के पूर्व विधायक व महानगर के प्रभारी डॉ जीतू चरण राम,जिला पदाधिकारी,मोर्चा जिलाध्यक्ष व महानगर के चारों विधानसभा के मंडल अध्यक्षगण शामिल हुए। बैठक में महानगर अंतर्गत चारों प्रखंड मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन की सफलता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता जमशेदपुर के करनडीह प्रखंड कार्यालय, पोटका प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम प्रखंड कार्यालय व पटमदा प्रखंड कार्यालय पर सुबह 10:30 बजे से राज्य में सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार, जेएसएससी नियुक्ति घोटाला,ध्वस्त विधि व्यवस्था, वादाखिलाफी व खनिज संपदाओं की लूट को उजागर करते हुए जोरदार विरोध-प्रदर्शन करेंगे।**

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# आज का दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय: मंत्री मिथिलेश ठाकुर

विजय प्रताप देव/ बलराम शर्मा





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर टाउन हॉल के मैदान में आयोजित जनसभा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास गढ़वा एवं पलामू प्रमंडल के लिए विशेष सोच थी। सरकार बनते ही उन्होंने गढ़वा को 20 से 22 घंटा बिजली उपलब्ध कराया। आज उन्ही की देन है कि गढ़वा में 93 करोड़ रुपये की लागत से बनी पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया। मंत्री ने कहा कि जो लोग विकास विरोधी हैं आदिवासी, दलितों और पिछड़ों के विरोधी हैं उन्हें झारखंड की जनता का हक मिलना रास नहीं आया। ये बहुत ही घटिया राजनीति है। हेमंत सोरेन ने लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों के सामने झुकने से इनकार कर दिया। मंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में किसानां का दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी खराब मौसम के बावजूद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सड़क मार्ग से गढ़वा पहुंचकर गढ़वा के जनता की उम्मीदां को पूरा किया। जनसभा को संबोधित न कर पाने का उन्हें काफी अफसोस रहा।

## मुख्यमंत्री चंपाई ने किया ट्वीट

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समयाभाव के कारण गढ़वा में जनसभा को संबोधित नहीं कर सके। इसका उन्हें काफी अफसोस है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सुबह से जारी रिमझिम बारिश ने रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन मिथिलेश बाबू के आग्रह और गढ़वा की जनता के प्यार ने उसे विफल कर दिया। यह दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक है। हमारी सरकार ने इस जिले में विकास की जो लकीर खिंची है, आने वाली पीढ़ियां उस पर गर्व करेंगी। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा के विकास का नमूना पेश किया है। उन्होंने कहा कि बादल चाहे कितना भी घना हो सूर्य को हमेशा के लिए नहीं ढक सकता है। एक दिन सच्चाई सामने आयेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत जल्द सलाखों से बाहर आएंगे। लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में विकास की लंबी लकीर खींची है। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा में ऐतिहासिक विकास किया है। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ विजय कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चंदन पासवान, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में लगेंगी 80 हाई मास्ट लाइट, मंत्री आज करेंगे शिलान्यास



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि से 80 हाई मस्ट लाईट लगाया जायेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता और उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को टाउन हॉल के मैदान में प्रातः 11:00 बजे इस योजना का शिलान्यास करेंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि विधायक मद से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों में चौक, चौराहों, हाट, बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जायेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों को भी पुरी तरह से रोशन करने की योजना है। इस पर काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

## ट्रांसफार्मर से कीमती सामान की चोरी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से कीमती सामान चोरी करने का गिरोह हुआ सक्रिय। 15 दिनों के भीतर 2 ट्रांसफार्मर के समान चोरी की। ताजा मामला कोण मंडरा का है, जहां से चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर से क्वायल और तेल की चोरी कर पूरे गांव को अंधेरे में डूब दिया है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोण मंडरा के समीप 16 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। बीती रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर के अंदर से कीमती सामान जैसे कॉपर वायर, क्वायल अल्युमिनियम वायर, तेल आदि निकालकर फरार हो गये। जानकार बताते हैं कि 16 केवीए के ट्रांसफार्मर के अंदर 30 से 35 हजार रुपये का सामान रहता है, जिसे चोरों ने चुरा लिया। सुबह ग्रामीण टहलते हुए विद्यालय के समीप गए तो देखा कि ट्रांसफार्मर का सामान खेतों में पड़ा हुआ है और जरूरी सामान गायब है। कोण मंडरा गांव में यह पहली घटना नहीं है इसके 15 दिन पूर्व यादव टोला से भी ट्रांसफार्मर के अंदर के सामान की चोरी हुई थी। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को इसकी लिखित शिकायत की है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि मामले की अभी जानकारी मिली है, चेक कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## लाभार्थी योजना कार्यक्रम के तहत वार्ड क्षेत्रों में पीएम मोदी का पोस्टर चिपकाया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में लाभार्थी योजना कार्यक्रम के तहत टण्डवा के कई वार्ड क्षेत्रों में लाभार्थी से मिल कर उनके आदेश से उनके पीएम मोदी के पोस्टर को चिपकाया। मौके पर उपस्थित भाजपा ज़िला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने भारत सरकार के उपलब्धियां के बारे में बताया मोदी के ओर से प्रणाम बोला लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास, जनधन योजना शौचालय, आयुष्मान भारत योजना किसान निधी योजना उजाला योजना के तहत फ्री में गैस कनेक्शन दिया गया। इन सारी बातों को और अन्य योजना की जानकारी लाभार्थी के बीच बताने का कार्य किया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री का जो लक्ष्य है 400 पार पूरा होगा। मौके पर भाजपा नेता भगत सिंह सह प्रभारी चंदन जसवाल सुरेंद्र विश्वकर्मा डॉ सतेंद्र सोनी राजू सोनी टिंकू गुप्ता अंकित सोनी विकास सोनी संतोष, हरि ओम गोरख कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लें : काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मां भारती के वीर सपूत भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर 'नमन' द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में 23 मार्च को होने वाले भव्य तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए युध्य स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। रविवार को संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के इस्प्लांट बस्ती सामुदायिक भवन, सीतारामडेरा, बंगाली कालोनी, साकची, गुरुद्वारा बस्ती, मूंशा सिंह बगान, इस्प्लांट बस्ती रोड नं 5, श्री श्री कामाख्या काली मंदिर प्रांगण,बिरसानगर जोन नं 6 सामुदायिक भवन, मोहरदा, बिरसानगर जोन न 5, हरि मंदिर, तारापोर स्कूल सीतारामडेरा, जुगसलाई गौशाला, सीतारामडेरा, तूरी भवन सहित अन्य स्थानों पर बैठकों में उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक में क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर श्री काले ने कहा राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने में समर्पित सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेकर इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश की एकता और अखंडता के खिलाफ जो ताकतें काम कर रही है उन्हें मुंह तोड जवाब देंना होगा। बैठकों में स्वाति मित्रा, पप्पू राव, जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, विक्रम ठाकुर, मनीष सिंह, अजीत प्रसाद, अभय कुमार सिंह, लालबाबू सिंह, कन्हैया सिंह, बी एन सिंह, सुरेश थापा, राकेश गोप, रवि सिंह, एस एन सिंह, निर्भय कुमार, लख्खी कौर, रानी कौर, ममता दास, सुमन घोष, हरविंदर साहू, मानीक दास, राजवीर सिंह, सिमी कश्यप, उमा कोरा, नीतू लाल, अंजना, नीलम राउत, नीतू देवी, डी मनी, सावित्री देवी, महालक्ष्मी, रेखा देवी, पूनम राणा, बॉबी कुमार शाह, शुभम सिंह, संतोष सिंह, विशाल शर्मा, अमित कुमार, गोपाल उरांव, धर्मपाल सिंह, सुशील नाग, भवानी शर्मा, गुरुचरण , विक्की मारिया, संतोष यादव, राजेश शर्मा, मंगरू शर्मा, महावीर, राजा शर्मा, सौरव थापा, शिवा गुप्ता, साकेत सिंह उज्जैन, रोशन सिंह, रोहित दुबे, ओम दुबे, हर्ष सिंह, सिबु बारीक, राम नाथ दास, सुरेश, बबलू बारीक सहित अन्य शामिल रहे।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### आईक्यूएसी कमेटी निलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय ने सम्मिलित रूप से किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आईक्यूएसी कमेटी निलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय के द्वारा सम्मिलित रूप से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। निलंबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, रजिस्टार मिर्तुंजय कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संयुक्ता कुमारी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की।

मौके पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर समय एक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की जरूरत है। जिसमें विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक विकास के साथ आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त सभी महाविद्यालय के प्राचार्य सम्मिलित हुए। शैक्षणिक नेतृत्व संघर्ष और समाधान का तकनीकी प्रबंधन विषय पर दिल्ली यूनिवर्सिटी आर्यभट्ट कॉलेज के प्राचार्य मनोज सिन्हा के द्वारा विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। जिसमें उन्होंने ठोस तौर पर बताया कि किसी भी महाविद्यालय के संचालन में नेतृत्वकर्ता को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हम महाविद्यालय में कार्यरत सभी मानव संसाधनों का समुचित उपयोग कैसे कर रहे हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से रजिस्टर डॉक्टर मृत्युंजय कुमार, सीसीडीसी डॉक्टर ए के पांडे ई क्यू ए सी डायरेक्टर डॉ गजेंद्र सिंह के साथ-साथ महाविद्यालय से डॉक्टर शीशम साहू प्रोफेसर नेशन राय प्रोफेसर अशोक कुमार पाठक डॉक्टर कविता कुमारी प्रोफेसर रंजीत कुमार प्रोफेसर प्रीति सिंह डॉक्टर सुनीता और अन्य शिक्षक एवं शिक्षक कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बेमौसम बारिश से किसानों के सिर पर चिंता की सिलवटें खींच दी है। रविवार को आसमान में घने बादल छाये रहे व हल्की बूंदाबांदी जारी रही ऐसे में आसमान में बादल देख किसानों की पेशानी पर बल आना आम बात है। खून पसीना एक कर अन्नदाताओं ने कड़ी मेहनत के बाद फसल तैयार की है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि बेमौसम बरसात ने फसल को काफी प्रभावित किया है एक दो दिन में मौसम साफ नहीं हुआ तो स्थिति और चिंताजनक हो जायेगी और फसलों की पैदावार पर ज्यादा प्रतिकूल असर पडेगा।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर बीरबल में मेले का आयोजन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में स्थित मालिया नदी के तट पर महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर बीरबल देवीधाम पर ग्रामीणों द्वारा बैठक आयोजित कर मेले के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। प्रखंड प्रमुख अजय साव के अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि गांव के मालिया नदी के पावन तट पर सूर्यमंदिर के साथ भगवन नर्मदेश्वर का शिवलिंग स्थापित है इस अवसर पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी एक विशाल मेला का आयोजन होना है मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुविधा प्रदान किया जायेगा। इसके साथ मेले में लगने वाले दुकानों को उचित स्थान देने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही भीड़ भाड़ को देखते हुए निगरानी के लिए ग्रामीणों के साथ श्री राम सेवासमिति के द्वारा स्वयंसेवक की तैनाती किया जायेगा, जिसके लिए नाम आमंत्रित किया गया है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान नर्मदेश्वर महादेव पर जलाभिषेक किया जाएगा मेले के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक के दौरान पूजा समिति का गठन किया गया है। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण व बुद्धजीवी उपस्थित थे, जिसमें मुख्यरूप से पूजा समिति अध्यक्ष देवराज प्रजापति, कोषाध्यक्ष उदय राम, आरएसएस के खंड वाहक रामजन्म गुप्ता, रामोद प्रसाद, सुरेंद्र रवानी, महेश्वर विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, मणिशंकर विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल भवनाथपुर मोटी फीस वसूलने के बावजूद बच्चों के भविष्य के साथ कर रहा खिलवाड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** क्षेत्र की प्रतिष्ठित डीएवी स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप अभिभावकों से मोटी फीस वसूलने के बावजूद कथित अनट्रेंड और ननटेट शिक्षकों के साथ 11वीं की कक्षा में बिना इकोनॉमिक्स शिक्षक के शिक्षण कार्य कराकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम की उड़ रही धज्जियां** : उक्त विद्यालय में करीब 32 शिक्षक कार्यरत है जिनमे 23 पुरुष एवं 9 महिला शिक्षक है।सूत्रों की माने तो कुल शिक्षकों में 9 महिला शिक्षकों के साथ 4 पुरुष शिक्षक अप्रशिक्षित हैं। आरटीई के अनुसार 12वीं तक की कक्षा के लिए शिक्षक को ट्रेंड के साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा पास भी होना चाहिए किंतु उक्त विद्यालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

## डीएवी प्रबंधन की मनमानी

अभिभावकों की माने तो 11वीं में कॉमर्स फैकल्टी में एडमिशन तो ले लिया गया है, किंतु साल भर बीत जाने के बाद भी इकोनॉमिक्स टीचर की व्यवस्था नही की गयी। कॉमर्स क्लास केवल अली सर के भरोसे चल रहा है। प्रबंधन की मनमानी की अगली कड़ी में चले तो डीएवी संस्थान की शिक्षक नियुक्ति कमिटी द्वारा इंटरव्यू में फेल हुए कुछ शिक्षकों से कार्य कराया जा रहा है। स्कूल के जुबली ब्लॉक में एलकेजी से कक्षा दो तक के लिये 6 महिला शिक्षक है।

उक्त स्कूल कम सैलरी देकर अप्रशिक्षित और ननटेट शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराकर नन्हे मुंहे बच्चों की नींव को ही खराब किया जा रहा है। डीएवी प्रबंधन की मनमानी की हद इतनी बढ़ गयी कि ऑफसर के लिये आवंटित होने वाली सी टाइप आवासीय परिसर जूनियर शिक्षक शशिबाला को भी आवंटित कर दिया गया है।

### क्या कहते हैं प्राचार्य

इस संबंध में डीएवी स्कूल के प्राचार्य आर सचदेवा ने बताया कि हमारे विद्यालय के शिक्षक नियमानुसार सभी अहर्ता रखते है, एडहॉक टीचर के लिये ट्रेंड होना जरूरी नही है, ऑफिस आइए सारी बातें होंगी।

### क्या कहते हैं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

इस संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एमके डीएवी पलामू के जी एन खान ने बताया कि अप्रशिक्षित और ननटेट की शिक्षक से शिक्षण कार्य कराना गलत है, जल्द ही विद्यालय की जांच की जायेगा।

# दो सालों से नियमावली बन कर तैयार है, लेकिन लागू नहीं की गयी : मनदीप राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ ने अपनी लंबित मांगों और सेवाशर्त नियमावली को लागू करने से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष मनदीप राम ने ज्ञापन में बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली लागू करने, मेडिकल भत्ता, अनुश्रवण भत्ता, आवास भत्ता, बीआरपी सीआरपी का बीमा, ई पीएफ कटौती सहित अन्य लंबित समस्याओं को अबिलंब लागू करने संबंधित मांग पत्र दिया। बीआरपी सीआरपी एस एस संघ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि विगत दो सालों से नियमावली बन कर तैयार है, लेकिन विभाग के उदासीनता के कारण अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। जिससे बीआरपी सीआरपी का मनोबल काफी कमजोर हो गया है, उनमें निराशा और हताशा व्याप्त हो है। बताते चले कि बीआरपी सीआरपी को पारा शिक्षक और चपरासी से भी कम मानदेय पर काम करने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। आज शिक्षा परियोजना के हर कर्मियों का वेतनमान बीआरपी सीआरपी से ज्यादा दिया जा रहा है, उनकी सेवा शर्त नियमावली के साथ सेवा पुस्तिका तैयार की जा रही है, लेकिन बीआरपी सीआरपी उच्च योग्यता धारी होने का बावजूद अत्यंत अल्प मानदेय पर काम करने के लिए मजबूर हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मंदीप राम, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे, मनोहर कुमार चौबे, संतोष कुमार पाठक, चंद्रशेखर दुबे, दिलीप कुमार यादव, ओम प्रकाश चौधरी, पवन कुमार गिरी, संजय कुमार पाठक सहित कई बीआरपी सीआरपी मौजूद थे।

# डंडई में ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर, विभाग मौन

जितेंद्र यादव

**डंडई।** प्रखंड के रारो गांव के पथलाही टोला में जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर की ग्रामीणों के द्वारा लगातार बदले जाने की मांग के बाद भी बिजली विभाग मौन साधी हुई है। टोल के ग्रामीण देवेंद्र यादव, बबलू यादव, रामाधार यादव, विनय यादव, राजनाथ यादव, मनी यादव बंशी यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दस दिन पूर्व बिजली विभाग के एसडीओ के द्वारा दो दिनों के अंदर जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की बात बोला गया था। लेकिन आज तक खराब पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया। जिससे हम लोगों को बिजली आधारित कार्य करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बताया कि गांव में बिजली होने के बाद भी हमलोग को दीया व ढिबरी के सहारे रात गुजारनी पड़ रही हैं। खराब पड़े ट्रांसफार्मर के बारे में विभाग को जानकारी दिया गया, तो विद्युत सब स्टेशन के आजाद खान के द्वारा बताया गया की खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ग्रामीण अपने से वाहन कर बिजली ऑफिस गढ़वा को जमा कर दूसरा ट्रांसफार्मर बदल कर ला सकते है। विभाग हम लोग को वाहन नहीं देती है इसलिए ग्रामीण खुद लाये। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की घोर उदासीनता के कारण टोला में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को आज तक नहीं बदला गया। जिससे हम लोगों को दीया व ढिबरी के सहारे रात गुजारना पड़ रहा है। वही कृषि कार्य करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम लोगों को इस समय एक सौ रुपये प्रति लीटर डीजल तेल की खरीदारी कर गेहूं सहित अन्य फसल को पटवन करना पड़ रहा है। वहीं बताया कि विद्युत सब स्टेशन डंडई से ठगमनवा टोला होकर 11 हजार का विद्युत तार गुजरी है। जिसमें 22 बिजली के पोल में केवल दो फेज का तार लगा हुआ है। जिससे हमेशा ट्रांसफार्मर जलकर खराब होते रहता है। हम लोगों ने इसकी जानकारी कई बार विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों को दिया था। इसके बाद भी उक्त पोल में तीन फेज का तार आज तक नहीं खींचा गया। जिस कारण ट्रांसफार्मर जलकर खराब होते रहता है।

**पक्ष में :** मामले में बिजली विभाग के एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जलकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग के कनीय अभियंता से जांच पड़ताल कराकर अभिलंब ट्रांसफार्मर बदला जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## 2.20 करोड़ की लागत से होगा चार उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण: सविता महतो



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड में पीएम आयुष्मान स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृत चार उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि ईचागढ़ प्रखंड के बांदु, गुदढ़ी, तिरुलडीह व कुईडीह में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा। विधायक ने कहा चारो उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण दो करोड़ 20 लाख रुपये कि लागत से किया जायेगा। इस अवसर पर काबलु महतो, निताई उरांव, अभय यादव, किसुन किस्कु, सपन सिंगदेव, विभीषण महतो, नरेन गोप, अमित सिन्हा, समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5.42 करोड़ की लागत से तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



तमाड़ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सालगाडीह से कासमबुरूडीह तक पथ निर्माण, जानूमपीढ़ी के लुपुंगडीह टोला से सरमाली गांव तक काली सड़क सुद्दढ़ीकरण निर्माण कार्य, दिउड़ी में एनएच 33 से आचुडीह तक पथ सुद्दढ़ीकरण के अलावा मारधान मोड़ एनएच 33 से जगायसिंगु तक पथ सुद्दढ़ीकरण तथा गोंडाईडीह से चीरूडीह तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने रविवार को किया। सभी सड़कों का निर्माण 5 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बनायी जायेगी। मौके पर तमाड़ विधायक ने कहा कि राज्य सरकार बगैर केंद्र सरकार की मदद से अपने खुद के खर्च से झारखंड सरकार सड़क की सौ फीसदी राशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो कहा था वह कर के दिखा रही है। इस अवसर पर गोंईडीह में विधायक के द्वारा जन चौपाल भी लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो जिला परिषद भवानी मुंडा उमेश महतो, बासु सेठ, प्रदीप मुंडा, मानकी जगरनाथ सिंह मुंडा सहित कई झामुमों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लेगाहातू मोदीडीह में सरना पूजा संपन्न



मुरी (आजाद सिपाही)। जय सरना,जय धर्म के धार्मिक नारे की गूंज से लेगाहातु मोदीडीह में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मुखिया लालू राम उरांव के अगुवाई में सरना अखाड़ा के पास सरना झंडा गाड़ी का विधिवत पारंपरिक रीति रिवाज पाहन प्राण मुंडा ने किया। इसका संचालक कैलाश टोप्पो ने किया। आदिवासी सभी भाई बहनों को सामूहिक अखाड़े में आकर सामूहिक आदिवासी नृत्य किया। इस प्रार्थना सभा के मंच पर सिल्ली सरना समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व उप प्रमुख कमलनाथ मांझी, हजारी मुंडा, कालिका गाड़ी, पुष्पा खालको, सुचिता कच्छप, सुखदेव राम, निरंजनमुंडा, निताई चद्र उरांव उपस्थित रहे।

## लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला इकाई की बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला इकाई की बैठक रविवार को महात्मा गांधी धर्मशाला तोरपा में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सभी शोषित, वंचित तथा पीड़ित लोगों के लिए निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आरक्षण पर बराबर का अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जो भी सरकार सत्ता में रही है, उनकी नजर में खूंटी समेत सात जिलों के आरक्षण रोस्टर में पिछड़ा वर्ग को शून्य समझती रही है। बैठक में लोकसभा प्रभारी काशी नाथ सांगा, नरेंद्र साहू, बिनोद शर्मा, जितनु महतो, फेकुकांत नाग, धनेशवर साहू, विक्रम महतो, संदीप, मोहन साहू, संजय ठाकुर, ललिता देवी, बांगी नायक सरिता देवी, सीमा देवी, पम्मी देवी आदि उपस्थित थे।

## महादेव मंडा परिसर में नये मंदिरों के निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



खूंटी (आजाद सिपाही)। स्थानीय महादेव मंडा परिसर में रविवार को खूंटी के बड़ाइक परिवार और अन्य ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में महादेव मंडा परिसर में खाली पड़ी एक भूमि पर कुछ लोगों द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर किये गये भूमि पूजन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी लोगों ने उक्त भूमि में मंदिर निर्माण के प्रयास का विरोध किया। बड़ाइक परिवार एवं अन्य लोगों ने कहा कि महादेव मंडा परिसर में वर्षों पुरानी पूजा पद्धति, मंडा पूजा-मेला और अन्य रीति-रिवाज होते आ रहा हैं। ऐसे में उक्त भूमि पर निर्माण करने से यहां वर्षों से चली आ रही परंपरा पर बुरा असर पड़ने की संभावना है। महादेव मंडा परिसर में पूर्व की भांति ही पूजा, मेला और अन्य रीति-रिवाज को कायम रखने के लिए किसी प्रकार के निर्माण नहीं करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में महादेव मंडा मेला टांड़ परिसर के उक्त प्लॉट में एक सूचना बोर्ड भी लगाया गया। इसे लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में महादेव मंडा में संचालित होने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रमों के लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष पुरुपेत्तम सिंह को चुना गया। इसके अलावा सभी मुहल्लों से एक-एक सभापति का भी चुनाव किया गया।

## टेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी रांची रोड में निमार्णाधीन बस स्टैंड के समीप रविवार अपराह्न लगभग चार बजे एक तेज रफ्तार टेलर ने एक बाइक को सामने से चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर मरनासन्न पड़े युवक को उठाकर एंबुलेंस से सदर अस्पताल खूंटी भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान खूंटी थानांतर्गत ग्राम बरकरगी डुंडीगड़ा निवासी सुखराम पूर्ति के 23 वर्षीय पुत्र नरसिंह पूर्ति उर्फ चरकू पूर्ति के रूप में हुई है।

# अर्जुन मुंडा को दूसरी बार खूंटी से प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा को आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए दूसरी बार खूंटी संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाये जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जैसे ही प्रत्याशियों के नामों की सूची केंद्र से प्रकाशित हुई और कार्यकताओं को अर्जुन मुंडा को भाजपा प्रत्याशी बनाने की जानकारी मिली, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा सहित कई कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही अर्जुन मुंडा को बधाई दी। सांसद के जिला प्रतिनिधि और दक्षिणी पूर्वी रेलवे जोन के सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का लक्ष्य पूरा होगा। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुण्डा, महेश प्रसाद चौधरी, संतोष जायसवाल, तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, ज्योतिष भगत, अरुण चन्द्र गुप्ता, परमेश्वर साहू, दीपक तिग्गा, दिलीप कर, चंदन महतो, उर्मिला देवी, रुक्मिला सारू, बासमती देवी, लक्ष्मी बाखला, धीरज कुमार, पंचम घोष, बालमुकुंद कश्यप, किशोर गौझू, जितेंद्र कश्यप, परमानन्द कश्यप, मदनमोहन मिश्रा, छोटराय मुण्डा, विनोद प्रसाद सोनी, घुरन महतो, भीमसिंह मुण्डा, अनूप साहू आदि शामिल हैं।

# रोजगार की मांग को लेकर मधुकॉन कंपनी का काम बंद करायेगा रैयत विस्थापित मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक रविवार को अंबेडकर पार्क डकरा में एक बैठक रखा गया। जिसकी अध्यक्षता जालिम सिंह तथा संचालन जगरनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं को रोजगार पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष बिगन भोगता एवं जालिम सिंह ने कहा कि पूर्व में मोर्चा ने मधुकॉन कंपनी को बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का मांग की थी, उसके बाद तत्कालीन पांच लोगो को रोजगार दिया गया था और कंपनी के द्वारा आश्वासन दिया गया था की 10 से 15 दिन के अंदर बाकी लोगो को रोजगार दिया जायेगा परन्तु एक माह से ऊपर बीत जाने के बाद भी अभी तक कंपनी के द्वारा किसी को रोजगार नहीं दिया गया है जबकि झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार किसी भी निजी कंपनी में स्थानीय रैयत विस्थापितो को 75 प्रतिशत रोजगार देना है, लेकिन कंपनी में रोजगार नहीं मिलने से यहां के रैयत विस्थापित दूसरे राज्य में पलायन करने को मजबूर है ।मोर्चा ने पुनः कंपनी को पत्र देकर सूचित किया है कि अगर पांच मार्च तक बाकी बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया, तो छह मार्च से अनिश्चितकालीन के लिए मधुकोन कंपनी को बंद करायेगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी कंपनी की होगी। बैठक में रंथू उरांव,नरेश गंझु, रामलखन गंझु, इंदिरा देवी,विनय खलखो, प्रभाकर गंझु, अशोक राम, देवपाल मुंडा, सुनीता देवी, शिवनारायण लोहरा, सुनील यादव, श्यामजी महतो, मनोज तुरी, श्याम, भारत, आनंद, वीरू, सलामत, आनंद, लालचंद, जितेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# तोरपा के बांदू में सरना धर्म सोतो समिति की शाखा स्थापित

**सिड़बोंगा की स्तुति से बढ़ता है प्रेम और भाईचारा : धर्मगुरु बगराय मुंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बांदु में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति की 20वीं शाखा स्थापित कर सरना स्थल संस्कार किया गया। साथ ही सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन व सरोज तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना बढ़ती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती है। सिङबोंगा की स्तुति के साथ ही समस्त जीव-जंतु और सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है। धर्मगुरु बगराय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी, वह आज भी अधूरी है। आज हम अपने धर्म. संस्कृति व जल. जंगल. जमीन के संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। कार्यक्रम को मसीह गुड़िया, असीमा तोपनो, जयराम गुड़िया, मथुरा कंडीर, बिरसा कंडुलना, झरिया मुंडा, रतिया मुंडा, झरिया पाहन, सोमरा भेंगरा, रेशमा मिंजूर, जेम्स मुंडा, बिरसा तोपनो आदि ने भी संबोधित किया।

# जीपीएस सिस्टम अपडेट की मांग को लेकर हाइवा ऑनरों ने कोयला ढुलाई बंद करायी

**सीएचपी से बचरा साईडिंग तक चार घंटे रही कोयला ढुलाई ठप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीसी से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई काम को रविवार की सुबह स्थानीय हाइवा डंपर मालिकों ने बंद कर दिया। हाईवा डम्परो मे लगे जीपीएस सिस्टम को अपडेट कराने की मांग को लेकर सभी ऑनरों ने ट्रांसपोटिंग कार्य को बंद कराया है। कोयला ढुलाई बन्द होने के बाद बचरा पीपल चौक के पास ट्रांसपोटिंग मार्ग पर हाईवा डंपरों की लंबी कतार देखी गई। वही सभी हाईवा ऑनर पीपल चौक में अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में हाईवा ऑनरों ने बताया कि कोयला ढुलाई के कर में लगे सभी हाईवा डंपरों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। सीसीएल प्रबंधन के द्वारा ऑरेंज नामक कंपनी को जीपीएस सिस्टम लगाने का टेंडर दिया था। सीएचपी से बचरा साइडिंग तक चलने वाले हाईवा डंपरों में लगाये गये जीपीएस सिस्टम को अपडेट नहीं किया गया है, जिसके कारण डंपरों का लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। वहीं एक मार्च से करीब 20 हाईवा डंपरो का परिचालन नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण वाहन मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रबंधन के द्वारा वाहन मालिको से जीपीएस सिस्टम को लेकर पैसे की भी कटौती कर ली गई है। इसको लेकर कई बार शिकायत भी की गयीहै, लेकिन कोई पहल नहीं की गयी, जिसके कारण बाध्य होकर सभी वाहन मालिकों ने कोयला ढुलाई काम को बंद कर दिया है। वाहन मालिकों ने बताया कि जब तक जीपीएस सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता है तब तक कोयला ढुलाई का काम नहीं किया जायेगा। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वाहन मालिकों के साथ वार्ता कर इस समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। वाहन मालिकों को आश्वासन मिलने के बाद चार घंटे के बाद कोयला ढुलाई पुनः चालू हो गयी। इस मौके पर सुशिल सिंह, छोटु सिंह, छोटु खान, मनराज महतो, जुगेश महतो, शोएब खान, उमेश यादव, मुन्ना खान, सोनू खान सहित कई वाहन मालिक मौजूद थे।

# राय बाजार में जमाले तैयबा काफ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलशा का हुआ आयोजन

**साउथ अफ्रीका के मशहूर नातखां शब्बीर बरकाती हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के राय बाजार मे जामिया गौसिया रिजविया और अंजुमन इस्लाहुल कमेटी राय के द्वारा जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे बरेली शरीफ के पीर ऐ तरीकत उमर रजा खान और साउथ अफ्रीका के मशहूर नातखां शब्बीर बरकाती सहित देश के कई उलेमा मौलाना एवं नातखां शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत के साथ की गयी। इस कार्यक्रम में जामिया गोसिया रिजविया राय मदरसा से शिक्षा प्राप्त कर चुके छः बच्चों को हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलाई गयी। पीर ऐ तरीकत उमर रजा खान ने सभी बच्चों को पगड़ी पहनाकर हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलाया। मुख्य अतिथि के रूप मे एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी शकील अख्तर और विशिष्ट अतिथि में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,खलारी के पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी, पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान, कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,राय पंचायत की मुखिया शीला देवी, श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी, आरवीएम केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, कांग्रेस चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस, समाजसेवी सुभान अंसारी,अब्दुल अंसारी, भाजपा नेता मोहम्मद ताज, सकील अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम मे शिक्षा पर विशेष चर्चा की गयी और शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। इसके अलावा दहेज प्रथा, नशापान जैसी समाजिक कुरूतियों को दुर करने और गरीब व असहाय जरूरतमंदो को मदद करने पर बल दिया गया। अंत मे क्षेत्र, राज्य और देश की अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर जुल्फिकार अली, राजु खान, शोएब आलम उर्फ गोल्डन, साबिर, शाहनवाज, मोहम्मद हुसैन, बबलु सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**शब्बीर बरकाती के लिए उमड़ा जन सैलाब :** राय बाजार में आयोजित जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम में साउथ अफ्रीका से आये मशहूर इंटरनेशनल नातखां शब्बीर बरकाती के लिए जन सैलाब देखा गया। रात्री एक बजे शब्बीर बरकाती के माइक पकड़ने के साथ ही उपस्थित लोगों में जोश भर आया। हल्की बारिश के फूव्वारो के बीच उपस्थित लोगों में गजब का उत्साह देखने लायक था।

## इस बार 400 पार के लिए तन-मन से लग जायें कार्यकर्ता: ब्रजेंद्र हेमरोम



खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हेमरोम ने कहा कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में इस बार 400 पार को चरितार्थ करने के लिए भाजपा और युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को तन-मन से लग जाना है। परिवहन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव और भाजपा नेता ब्रजेद्र हेमरोम रविवार को गोविंदपुर मंडल के जलंगा और तोरपा मंडल के अम्मापकना में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और शांति का एक नया कीर्तिमान बनाया है। मौके पर विनय कुमार गुप्ता, वसीम अली, हरेंद्र लोहरा, जगरनाथ साहू, वीरेंद्र साहू, सीमा देवी, भोला गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, तुलसी हजाम, इंद्रजीत साहू, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## किचटो में ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो स्थित चिरैयाटांड़ ईमली पेड़ के समीप रविवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ट्रक मालिकों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके अलावा बैठक में तय किये गये भाड़ा का भुगतान और नगद भाड़ा भुगतान का निर्णय लिया गया। वहीं स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो का ट्रक प्राथमिकता के आधार पर लगाने पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तय किये गये भाड़ा का भुगतान और नगद भाड़ा भुगतान नहीं होने पर ट्रक ऑनर एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक मे सभी स्थानीय ट्रक ऑनर को एकजुट होने का आह्वान किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से बिजय महतो, महेंद्र गंझु, इदरीस अंसारी, रचित गंझु, प्रेम ठाकुर, रामबालक गंझु, लियाकत अंसारी, अमर महतों, नईम अंसारी, मोनू केशरी, राजकुमार गंझु, दिलिप गंझु सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक मौजूद थे।

## हर बूथ पर पांच युवा साथियों को कांग्रेस से जोड़ें : अरुण संगा



खूंटी (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए खूंटी प्रखंड के रप्पा ग्राम में रविवार को यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कारूर्कारी अध्यक्ष ने यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी संगठन की सबसे बड़ी शक्ति् युवा ही होते हैं। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर पांच युवा साथियों को जोड़ना है, ताकि कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके और आगामी चुनाव में पार्टी की जीत हो सके। मौके में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी कुलदीप रवि, खूंटी लोक सभा को ऑर्डिनेटर विजय शुक्ला, खूटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, जिला महासचिव दशरथ, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष एंजेला हंस, शांति प्रिया, अश्रिता, अनिशा आदि मौजूद थे।

## युवा मोर्चा ने किया नमो चौपाल का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मोर्चा के गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता की अगुवाई में डेहकेला शक्ति केंद्र में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से युवा मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विनय गुप्ता ने कहा कि सभी युवा बहुत ऊजार्वान हैं, अपनी ऊर्जा का उपयोग कर केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में करें। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 5 वर्षों में राज्य की ठगबंधन सरकार किसी प्रकार की विकास योजना को सही से धरातल में नही उतार पाई। इस सरकार ने राज्य के सभी वर्गों को छलने का काम किया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह ने कहा कि चार मार्च को राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिजली बिल में बढ़ोतरी, जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर सीमा देवी, रामलखन सिंह आदि उपस्थित थे।

## अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में एनके एरिया के खिलाड़ियों ने जीते पदक



खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में एनके एरिया के खिलाड़ियों ने कई पदक जीता है। बरकसायल एरिया में चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल की कई एरिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें एनके एरिया के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीता है। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में 1500 मीटर में गोपाल गंझू को स्वर्ण, ललिता कुमारी ने सौ मीटर में स्वर्ण पदक, ट्रिप्प्ल जंप में स्वर्ण पदक, सुनील कुमार मेहता ने जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक, दस हजार मीटर में गोपाल गंझु को रजत पदक, ललिता कुमारी को लांग जम्प में स्वर्ण पदक, अशोक सिंह को हैमर थ्रो में कांस्य पदक, तेरेसा तिगा को हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक और जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता है। वही साईकल रेस में गुदुलवा महतो ने स्वर्ण पदक जीता है।08

## अभा भुइयां समाज कल्याण समिति की समीक्षा बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने तुमांग पंचायत के धमधमिया में रविवार को समीक्षा बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता सतन राम ने किया। इस दौरान समाज के उत्थान और विकास को लेकर समिति के लोगों ने विशेष रूप से चर्चा किया। साथ ही बैठक में समाज के लोगों से आग्रह किया गया की हर माह समाज कल्याण कोष के लिए राशि जमा करने का सहयोग करे ताकि समाज का विकास हो सके। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मनोज भूईयां, फुटीना भुईयां, रोहित भुईयां, रामप्रवेश राम भुईयां, बिनोद भुईयां, झलू भुईयां, सतन राम भुईयां, चलिश्र भुईयां, रमेश भुईयां, संतोष भुईयां, पूरन भुईयां सहित अन्य उपस्थित थे।

**दहशत : पीएलएफआइ उग्रवादियों का सांगा स्टोन डिपॉजिट क्रशर पर फिर हमला**

# चालक का अपहरण, मारपीट कर छोड़ा

**पीएलएफआइ के कृष्ण यादव गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए ने एसआइटी का गठन**

## बार-बार के हमले से भयभीत मजदूर काम छोड़ कर लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के सांगा गांव में संचालित सांगा स्टोन डिपॉजिट क्रशर इन दिनों पीएलएफआई उग्रवादियों के निशाने पर है। पुलिस को खुली चुनौती देते हुए विगत एक मार्च की रात नकाबपोश उग्रवादियों ने वहां धावा बोलकर क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजे को आग के हवाले कर दिया था। मजदूरों में व्याप्त दहशत अभी खत्म भी नहीं हुआ था कि



उग्रवादियों के चंगुल से छूटा चालक।

शनिवार की रात एक बार फिर सांगा स्टोन डिपॉजिट क्रशर में धावा बोल दिया। इस बाद उग्रवादी एक चालक का ही अपहरण कर लिए। हालांकि उससे जरूरी पूछताछ कर मारपीट करने के बाद छोड़ दिया। इस बाबत उग्रवादियों से चंगुल से छुटे चालक टेकलाल महतो ने बताया कि चार हथियारबंद नकाबपोश उग्रवादियों ने उसका अपहरण किया था। दूसरी ओर, लगातार दूसरे दिन भी उग्रवादियों द्वारा सांगा स्टोन डिपॉजिट क्रशर में उग्रवादियों के हमले व मारपीट की घटना से वहां कार्यरत मजदूर काफी डरे हुए हैं। इसी कारण सभी काम छोड़कर वापस अपने घर लौट गए हैं। दूसरी ओर, घटना को अंजाम देने वाले पीएलएफआई के कृष्ण यादव गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रशासन ने एसआईटी का गठन किया है, जिसमें डीएसपी सहित पिठोरिया, कांके, रातू, ओरमांझी और बुढ़मू के थाना प्रभारी को शामिल किया गया था। घटना से पूरे क्षेत्र में क्षेत्र में दहशत का मौहल है। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में पुलिस गस्ती बढ़ा दी गई है और जवानों की भी नियुक्ति की गई है। उधर, क्रशर के संचालक ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा का व्यापक इंतजाम करने की मांग की है। गौरतलब है कि डीआइजी अनूप बिरथरे, सीटी एसपी राजकुमार मेहता और ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल द्वारा मामले का उद्भेदन करने के लिए एसआईटी को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

# रांची लोकसभा क्षेत्र का चौतरफा विकास ही हमारा लक्ष्य : सांसद

## केंद्रीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें: हटिया विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगडी।** प्रखंड के नगड़ी गांव स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर में रविवार को भवन निर्माण विभाग की ओर से बनवाए जाने वाले पशु चिकित्सालय परिसर के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, नगड़ी मुखिया जय गोपाल उरांव और पंसस शीला देवी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण करके किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र का चौतरफा विकास ही हमारा लक्ष्य रहा है। आमलोगों के प्रति सेवा का ही नतीजा है कि पार्टी ने मुझे दोबारा रांची लोकसभा केंद्र से चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मौका दिया है। वहीं, हटिया विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी योजनाओं से देश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र सरकार की लोकहित कार्य को जन- जन तक पहुंचाए। मौके पर पशु चिकित्सक अभिमन्यु कुमार, भाजपा के हजारीबाग प्रभारी शशि भूषण भगत, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, चूड़ामणि महतो, हेमंत केसरी, विंध्याचल महतो, अरविंद केसरी, प्रभात महतो, मनीष केसरी, विनोद साहू, मुकेश महतो, दीपक केसरी, जय किसन महतो आदि उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में 400 कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के मंदरों में भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के अलावा राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो शामिल हुए। 150 बाईक सवारों ने कुच्चू चौक से मंदरो तक स्कॉट कर अतिथियों को पहुंचाया। कार्यक्रम में शामिल होने आए बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में कार्यक्रम में आए 400 लोगों को भाजपा का दामन थाम लिया। उन्हें पट्टा व माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। मोदी जी के 400 पार के संकल्प को दोहराते हुए भाजपा के कमल छाप पर बटन दबाने को कहा गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश के पूर्व प्रवक्ता अमित कुमार, डॉ अमर कुमार चौधरी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, मानकी राजेंद्र साही, रामनाथ महतो, सुनील महतो, राजेश गुप्ता, विकास भोगता, लालमोहन करमाली, किशोर भंडारी, राजेंद्र बेदिया, सुनील उरांव, टुंडहोली मुखिया रमेश बेदिया, मन्द्रों मुखिया दशमी मिंज आदि उपस्थित थे।

## सांसद संजय सेठ को दोबारा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ को रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के खिजरी मंडल के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। रविवार को भाजपा खिजरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने संजय सेठ को बुके देकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रुप से खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, रांची ग्रामीण जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के मंत्री अशोक नायक, सिमडेगा प्रभारी सह भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक, झारखंड आंदोलनकारी सह सांसद प्रतिनिधि रिंकू सिंह, खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप साहू, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि बिरसा पाहन, रामाधार सिंह, तुलसी गोप, नवीन राय, अरविंद सिंह, रमेश सिंह, पंकज महतो आदि शामिल थे।

## महिलाओं पर बढ़ती हिंसा को लेकर आजसू ने निकाला कैंडल मार्च



**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड में बढ़ती महिला हिंसा एवं दुमका, पलामू में महिलाओ के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में रविवार की शाम आजसू रातू प्रखंड अध्यक्ष (महिला) वीणा सिंह के नेतृत्व में विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने सरकार की विफल हो चुकी कानून व्यवस्था पर खूब खरी खोटी सुनाई। ब्लॉक चौक से काठी टांड तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग की गई। कार्यक्रम में लक्ष्मी सिंह, शोभा ठाकुर, ममता कुमारी, कलावती देवी, पूजा देवी, रूपा देवी, अनिता देवी, शीला देवी, कौशल्या देवी, अन्नू सिंह, सर्भा देवी, संगीता देवी, अनुराधा देवी के अलावा सैकड़ों महिला सदस्य सहित आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव मिश्रा, सुशील घोष, सोनू सिंह,विशाल साहू, निर्मल कुमार आदि शामिल हुए।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## जोन्हा फॉल कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की गयी चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा फॉल में रविवार को प्रखंड कांग्रेस की बैठक प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को अभी से ही चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार उद्योगपतियों और पूंजीपतियों की सरकार बन कर रह गई है। देश में गरीबी, बेरोजगारी और मंहगाई चरम पर है। सरकारी संपति को नीजी हाथों में सौंपा जा रहा है। देश के आर्थिक हालात बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंनें कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए आज से ही जनसंपर्क अभियान शुरू करने की बात कही। सात ही कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। उनहीं की बदौलत चुनाव को जीता जा सकता है।इस मौके पर जिला सचिव मुमताज खान, विश्राम महतो, मिनहाज आलम, बरतु मुण्डा, सफीक अंसारी, किस्टो कुजूर, जगन लिंडा, मुन्ना मुण्डा, विशाल स्वांसी, विजय खलखो, समशाद अंसारी, नईम अंसारी, सुरेश सिंह, शशिकांत कुमार, बिरसा टोप्पो, अशोक गंझु, अभिराम मुण्डा, शनिचरवा लोहरा, लक्ष्मी कच्छप आदि मौजूद थे।

## सीएचसी कांके कार्यालय से हटाये गये डॉक्टर और कर्मचारी लेते गये फाइलें

**कंप्यूटरों के डेटा से भी छेड़छाड़ किये जाने के आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हटाए गए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार और सेवा से बर्खास्त किए गए ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर प्रियंका कुमारी सिंह रविवार की दोपहर 2.30 बजे यहां पदस्थापित ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रमोद कुमार के साथ पहुंचे और कार्यालय से कई महत्वपूर्ण फाइल अपने साथ ले गए। इन लोगों ने कार्यालय के कंप्यूटरों के डाटा के साथ भी छेड़छाड़ की है। यह तीनों जब कार्य कर रहे थे उसी समय ड्यूटी पर डॉ संजीत कुमार पंकज और एक सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी थी। जिन्होंने इन लोगों को ऐसा करते देखा भी है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ र्पल मिंज ने बताया कि रविवार की छुट्टी थी। मुझे इस संबंध में कोई भी जानकारी किसी ने नहीं दी है। मेरी जानकारी के बगैर इस कार्य को किया गया। लेकिन मुझे मालूम चला है कि यह तीनों यहां आकर डेढ़ से दो घंटे तक कार्यालय में रहकर कुछ फाइलों को देखें हैं और कंप्यूटर को खोलें भी हैं। मुझे 10 दिन पूर्व भी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है और मुझे किसी भी फाइल, वित्तीय फाइलों और खर्च संबंधी कार्यों का प्रभार डॉ अजीत ने अभी तक मुझे नहीं दिया है। सोमवार को ऑफिस खुलने के बाद ही मैं वस्तु स्थिति के बारे में बता सकती हूं।

## भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लालगंज स्थित पीपलेश्वर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ लालगंज शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर लालगंज भंगी नदी पहुंची। कार्यक्रम के सारे अनुष्ठान पुजारी तारकेश्वर मिश्रा , फनीनाथ कर, दुर्गा दास, उमेश गिरी, सुनील कर , व रामा ठाकुर ने कराया। हजारों श्रद्धालु जय श्री राम जय बजरंगबली, हर हर महादेव जय माता दी आदि जय कारा लगाते हुए यज्ञ साल मंडप की परिक्रमा कर अपने-अपने कलश को स्थापित किया। इस दौरान मुख्य यजमान की भूमिका में यजमान नरेश साहू, शंकर साहू कौशल्या देवी ने संयुक्त रूप से रहीं । कलश शोभा यात्रा में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, समाजसेवी नारायण साव समेत कई सामाजिक गणमान्य और विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम यज्ञशाला की परिक्रमा प्राण प्रतिष्ठा समेत कई अनुष्ठान कार्यक्रम तीन दिनों तक किए जाएंगे। वहीं, यज्ञ शाला में आने वाले लोगों के लिए आयोजन समिति के द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी। कलशयात्रा में शामिल महिलाओं के बीच विधायक ने साड़ी का वितरण व 1001 महिलाओ को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने नारियल का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लालगंज कीर्तन मंडली व ग्रामीणों का योगदान रहा।

## साइकिल से भ्रमण कर युवक दे रहा नशा मुक्ति का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** 26 साल का एक युवक अकेले ही साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला है। करीब साढ़े 10 महीने में उसने साइकिल से पूरे भारत का सफर तय कर वापिस अपने घर जाने के दौरान रविवार को सामान पैक किए साइकिल पर बेड़ो पहुंचा। जहां ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब के कोच शशि गोप के नेतृव में स्वगत किया गया। उक्त साइकिल सवार ने बताया कि उसका नाम अमर पाटले है। वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के जाटा गांव का रहने वाला है। अमर ने बताया कि वह साइकिल पर ही 9 मई 2023 को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से यात्रा शुरू की थी। उसके बाद वह ओडिशा और आंध्र प्रदेश होते हुए पश्चिम बंगाल से झारखंड पहुंचा है। इस दौरान प्रत्येक राज्य के प्रमुख व ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। बताया कि उन्हें भारत भ्रमण कर भारत वर्ष को नशा मुक्त बनाना है और इसे पूरा करने के लिए वह साइकिल पर निकले हैं।

### रहने व खाना बनाने का सामान लिया है साथ

अमर ने बताया कि अपनी यात्रा के लिए वह कैंपिंग करने व खाना बनाने का सामान साथ लेकर निकले हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने कैंपिंग कर ही सारी रातें बिताई हैं। खुद खाना बनाकर अपना सफर जारी रखे हुए हैं। उसने बताया कि खुद से खाना बनाने के कारण काफी कम खर्च में काम चल जा रहा है। अमर ने बताया कि वह जहां जा रहे हैं वहां के प्रमुख स्थलों को वह नेट पर सर्च कर लेते हैं और उसके बाद वहां का भ्रमण करते हैं। उन्होंने बताया कि गुमला, जशपुर से रायपुर में मुख्यमंत्री से भेंट कर अपनी यात्रा खत्म करेंगे।

## 11वां महारूद्र यज्ञ एवं महाशिवरात्रि को लेकर निकाली गयी भव्य कलशयात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाउलातू उनीडीह स्थित शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर होने वाले 11वें महारुद्र यज्ञ एवं महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर रविवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल सैकड़ों महिलाएं नामकुम-डोरंडा मार्ग होते हुए स्वर्णरेखा नदी पहुंची और वहां से मंत्रोचार के साथ सभी ने कलशों में पवित्र जल लिया। ऊं नमः शिवाय, बोल-बम, हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए 16 किलोमीटर की पदयात्रा कर शिवलोक धाम मरासिल्ली पहुंची। काशी विश्वनाथ से आएं महाराज अमित पांडेय बाबा एवं उनके सहयोगियों ने कलश स्थापित करवाया। जिसके बाद महारुद्र यज्ञ की शुरूआत हुई। मुख्य यजमान उदय सिंह ने पत्नी माला सिंह के साथ सभी अनुष्ठान किया। ट्रस्ट के द्वारा चापूटोली निवासी शिवभक्त राजेश तिर्की के सहयोग से भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। पांच दिवसीय यज्ञ के पहले दिन पंचांग पूजन, यज्ञ मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, देव आह्वान, अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलन पूजा की गई। कलशयात्रा में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश वर्मा, भाजपा एससी मोर्चा के मंत्री अशोक नायक, समीर राय, राजेश तिर्की, मुखिया रंजीत लकड़ा, ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय, सूरत राय, मधु राय, मनोज सिंह, संजय साहू, मनोज राय, उमेश बड़ाइक, सुजीत सिन्हा, सुबोध सिंह टनटन, दिनेश कुमार सिंह, भीम राय, दिलीप राय, रुद्रेश्वर राय, अशोक राय, मोहन शर्मा, सुनील साहू आदि शामिल थे।

## बड़ाम पंचायत में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो नामकुम प्रखंड समिति की ओर से रविवार को बड़ाम पंचायत में न्याय यात्रा निकाली गयी। जिसकी अध्यक्षता झामुमो नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज ने की। इस न्याय यात्रा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा की केंद्रीय एजेंसी (ईडी) द्वारा फंसाये जाने का आरोप लगाया गया। न्याय यात्रा में मुख्य रूप से नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज, सचिव मो.मोजाहिद हुसैन, बड़ाम पंचायत अध्यक्ष संदीप कच्छप, चंदाघासी पंचायत अध्यक्ष सुनील मिंज, संदीप कश्यप, राहुल टोप्पो, मनोज लाकड़ा, औदीपक महतो, मोहित लकड़ा, रोहन कश्यप, दीपक मुंडा, करण महतो, वीरू महतो, टिंकू टोप्पो, विजय मुंडा, विजय बाबू , विनय लकड़ा, राहुल महतो, फॉल्विन महतो, वीरेंद्र महतो, ईश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## सुबोध लकड़ा की अगुवाई में 10 पड़हा राजा का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

# पड़हा समाज का समग्र विकास ही हमारा सामूहिक संकल्प : डॉ रवींद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** 10 पड़हा कटरमाली की बैठक कटरमाली स्कूल के समीप मैदान में रविवार पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा की अध्यक्षता में को हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पड़हा समाज के ग्रामीणों ने रोहित उरांव को 10 पड़हा कटरमाली का नया राजा चुना। गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व 10 पड़हा राजा कोमल उरांव के निधन के बाद यह पद खाली हो गया था। नवनिर्वाचित पड़हा राजा रोहित उरांव पूर्व राजा स्व कोमल उरांव के पुत्र हैं। इधर बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पड़हा राजा को एक तलवार भेंट कर माल्यार्पण, बूके और पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया। वहीं, नवनिर्वाचित पड़हा राजा रोहित उरांव ने कहा कि पड़हा समाज के संगठन को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पड़हा समाज का समग्र उत्थान मेरा संकल्प है। वहीं बैठक में 10 पड़हा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व कुलपति डा रवीन्द्र नाथ भगत ने कहा कि पड़हा राजा पड़हा समाज रूपी विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में मुख्य कड़ी का काम करते हैं।10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि नवनिर्वाचित पड़हा राजा की अगुवाई में हम पड़हा समाज के समग्र विकास व उत्थान में अग्रसर होंगे। इस दौरान 10 गांवों के पड़हा समाज के लोगों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं, पंसस विशेश्वर उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव, पंचम उरांव, शंकर लकड़ा,संजय लकड़ा व सुबोध किस्पोट्टा आदि ने अपने विचार रखे। इधर, बैठक में 10 पड़हा क्षेत्र के मासु, मुड़ामु, हुलसी, डोला, टेंगरिया, खुर्द, ताबेर, शहेदा,जरिया व कटरमाली गांव के पड़हा समाज के लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

## रातू अंचल एकल अभियान का प्रशिक्षण शिविर आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एकल विद्यालय अभियान के तहत प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा भवन परिसर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार से शुरू होगा। इसमें मांडर, चान्हो व बेड़ो के तीनों संचो के 90 विद्यालयों के आचार्य शामिल होंगे। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों को एकल विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा देना, जनजागरण, ग्राम विकास व आरोग्य से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी भारत स्वाभिमान के प्रखंड प्रभारी मुकेश कुमार रॉय ने दी।

## सांसद का पुतला फूंका

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** भाजपा लोकसभा सीट से भाजपा ने इस बार भी अपने सांसद संजय सेठ को ही उम्मीदवार बनाया है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने उरुगुट्टू, भांट बोडया चौक में रविवार को सांसद का पुतला दहन किया। ग्रामीणों ने सांसद पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर भाजपा रांची लोकसभा से दूसरा उम्मीदवार नहीं देती है तो विवश होकर मतदान का बहिष्कार भी करेंगे। ग्रामीणों ने स्थानीय नेता को पार्टी का प्रत्याशी बनाने की भी मांग की। मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चतरा का बेटा ही बने यहां का सांसद : लाल सूरज



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी के सिंचाई विभाग मैदान में रविवार को बाहरी हटाओ-चतरा बचाओ, स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर रायशुमारी महासम्मेलन आयोजित किया गया। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि जो हमारे सुख-दुख में साथ नहीं हो ऐसे सांसद के होने अथवा नहीं होने से यहां के लोगों को कोई लाभ नहीं है। सांसद ने सपना दिखाया था रेल पर चढ़कर आयेंगे। सपना आज भी अधूरा रह गया। वर्तमान में सांसद फोन तक नहीं उठाते। गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए सांसद की अनुशंसा के लिए खोजते रहना पड़ता है। पर दर्शन नहीं हो सकता। बाहरी लोगों ने सांसद बन कर जमकर लूटा। स्थानीय सांसद नहीं होने की वजह से आजादी काल से अब तक चतरा का समुचित विकास नहीं हो सका। यहां के लोग संघर्षरत रहे हैं। आवेदन लेकर खोजने पर भी सांसद नहीं मिलते। चतरा का बेटा ही चतरा का सांसद बने इसके लिए हमें संकल्पित होने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि कि चतरा लोकसभा 1957 में अस्तित्व में आया तब से चतरा लोकसभा का बेटा सांसद नही बन सका। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति में सवाल किया था देश का कौन सा लोकसभा है जहां स्थानीय सांसद नहीं बना। जिसका जबाब था चतरा लोकसभा। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन यादव ने किया। जबकि संचालन सतेन्द्र सिंह ने किया। रिमझिम बारिश के बावजूद रविवार को भींड़ जमी रही। मौके पर निरंजन यादव, सुरेंद्र सिंह, भीम शुक्ला, मुखिया अनिता लोहरा, सतेंद्र सिंह, भागलपुरी यादव, ब्रजदेव सिंह, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सुजीत भुईयां, पूर्व जिला परिषद सुकेश यादव, मुखिया प्रतिनिधी मिंटी वर्मा, अजय पासवान, रविंद्र पासवान आदि थे।

# जल सहियाओं के बकाया मानदेय का भुगतान शीघ्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप पंच सरोवर पार्क में क्षेत्र की जलसहियाओं ने बकाया मानदेय भुगतान को लेकर आवेदन पत्र जमा किया। क्षेत्र में 146 जल सहिया अपनी सेवाएं दे रही हैं। लेकिन पिछले तीन वर्षों से सभी का मानदेय बंद था। इस संबंध में प्रखंड स्वच्छता कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी जल सहियाओं का मानदेय भुगतान के लिये आवेदन पत्र लिया गया है। उनके मानदेय भुगतान के लिये विभाग द्वारा राशि उपलब्ध करा दी गयी है। शीघ्र ही सभी का मानदेय भुगतान किया जायेगा। उधर, विभाग की द्वारा इस दिशा में की गयी पहल पर जल सहियाओं ने खुशी जाहिर करते हुए विभाग के पदाधिकारियों को बधाई दी है। मौके पर सबिता देवी, मालती देवी, शांति देवी, संजू देवी, बबिता देवी और शाहजहां आदि मौजूद थीं।

## कार्रवाई : लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हुई पुलिस

# किराना दुकान से अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा गांव की एक किराना दुकान से 42 बोतल अंग्रेजी शराब व 6 बोतल बियर बरामद हुआ है। प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की बरेवा गांव के एक किराना दुकान में अंग्रेजी शराब की बिक्री अवैध ढंग से की जा रही है। उन्होंने वरीय अधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर पुलिस बल के साथ बरेवा गांव की किराना दुकान में शनिवार की शाम छापामारी की। इस दौरान अवैध रूप से बेची जा रही शराब के साथ दुकानदार बिट्टू मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी ने संदेह जताया कि संभवतः झारखंड सरकार की दुकानों से ही किराना दुकानदार शराब लाया होगा। किस दुकान से शराब की कालाबाजारी की जा रही है इसकी जांच की जा रही है।



शराब के साथ पकड़े गए आरोपित की जानकारी देती हैदरनगर पुलिस।

# विष्णुदयाल राम के विकास कार्यों को देखकर ही तीसरी बार दिया गया टिकट

## पलामू की जनता वीडी राम को झारखंड में रिकॉर्ड मतों से जितायेगी : आनंद शंकर





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने सांसद विष्णुदयाल (वीडी) राम एक बार फिर से भाजपा की ओर से टिकट दिए जाने पर बधाई दी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू लोकसभा का टिकट वीडी राम जी को नहीं, बल्कि उनके द्वारा किए गए क्षेत्र के विकास का आकलन करके ही दिया है। पलामू चेंबर परिवार वीडी राम जी को मिले टिकट का स्वागत करता है। आनंद शंकर ने सांसद द्वारा कराए जा रहे कार्यों की चर्चा करते हुए कहा जो रांची से डाल्टनगंज की दूरी चार घंटे से ढाई घंटे होने जा रही है। एनएच फोरलेन के निर्माण को केंद्र सरकार से पास स्वीकृत करा कर निर्माण प्रारंभ कराने का श्रेय पलामू सांसद वीडी को ही जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण होने से जहां रास्ता सुरक्षित और सफर शानदार होगा वहीं कई राज्यों की सीमा से हमारा शहर सीधे जुड़ जाएगा। आनंद शंकर ने कहा कि सांसद जी ने कोयल पुल से सटे नया कोयल ब्रिज बनाने के लिए पहल किया जिसका निर्माण अब शुरू होने जा रहा है। उनके द्वारा पलामू सेंट्रल स्कूल, सिगरा गांव से चिड़ाबार और पूर्वडिहा गांव को जोड़ने के लिए बड़ा रेलवे ब्रिज निर्माण की स्वीकृति, सासाराम से रांची-इंटरसिटी एक्सप्रेस, गढ़वा जिले में सोन वाटर लिफ्ट इरीगेशन सिंचाई परियोजना, मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 के लिए आईडीबी से 160 करोड़ रुपया की स्वीकृति जैसे कई प्रमुख कार्य हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार राज्य में धनबाद सांसद को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए थे और हमारे पलामू सांसद कुछ मतों से पीछे रह गए थे। इस बार पलामू की जनता विकास के मुद्दे पर सारा रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार है। कहा इस बार प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए जहां 400 सीटों का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, पलामू से विकास पुरुष वीडी राम जी को राज्य में सर्वाधिक मत से विजय बनाकर यहां की जनता प्रधानमंत्री को तोहफा देगी, ताकि पलामू का चौमुखी विकास अगले 5 वर्षों में हो सके।

# जल सहियाओं को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश पर प्रखंड के पथरा पंचायत भवन में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत जलसहियाओं को दो दिवसीय केआरसी लेवल- 3 प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण योजनाओं को क्रियान्वयन के लिये दिया गया है। इस संबंध में मास्टर ट्रेनर प्रभात कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पोषक क्षेत्रों में कार्य करने की भी बारिकियां बतायी। इस दौरान जलसाहियाओं के बीच संबंधित किट का वितरण भी किया गया। मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने का प्रयास करें। मौके पर उपमुखिया कुसुम देवी, रीना देवी, गुड़िया देवी, धर्मेंद्र रविदास, संजय कुमार, विजय पासवान आदि मौजूद थे।



# एक महीने में एक दर्जन से अधिक लोगों ने गंवायी जान

## पांकी-मेदिनीनगर सड़क पर रफ्तार का कहर



## हादसों में कमी लाने का पुलिस लगातार कर रही प्रयास: थाना प्रभारी राजू गुप्ता

लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियत का पालन कराया जा रहा है। पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। विद्यालयों में जाकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों का चालान करने के साथ ही वाहन को जब्त किया जा रहा है।

रामप्रकाश तिवारी

**नीलांबर पीतांबरपुर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में पांकी-मेदिनीनगर एक ऐसी सड़क है जिस पर सड़क दुर्घटना के चलते मौत का सिलसिला लगातार जारी है। पांकी से डाल्टेनगंज की दूरी 45 किलोमिटर डिस पर प्रतिवर्ष यातायात महीना मनाया जाता है। कई बार सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाकर जागरूक करने का भी प्रयास किया जाता है। पर हादसों में कोई कमी नहीं आ पा रही है। सड़क पर बेखौफ होकर अनियंत्रित वाहन चलाने का नतीजा है कि विगत एक महीने में ही सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी हैं। हर दूसरे-तीसरे दिन सड़क हादसे में किसी न किसी व्यक्ति की जान जा रही है, लेकिन लोग यातायात नियमों से बेपरवाह होकर वाहन चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सड़क हादसा रोकने में पुलिस विभाग का जागरूकता अभियान भी बेमानी साबित हो रहा है। अधिकतर मौतें ऐसे युवाओं को हुई है जो बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं कागजात के वाहनों से आगे निकलने के चक्कर में तेज रफ्तार से वाहन चलाने की कोशिश किए हैं। अगर पुलिस सख्ती के साथ वाहनों के कागजात नियमित रूप से जांच करती है तो 50 फीसदी वाहन सड़क पर स्वतः कम हो जाएंगे। लगातार मौत होने के बाद भी यातायात नियमों को धज्जियां उड़ाई जा रही है। दूसरी और पथ विभाग द्वारा सड़क में स्पीड ब्रेकर आदि जो लगाया जा रहे हैं। वह केवल हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। कई लोगों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि अगर बड़े शहरों के तर्ज पर सड़कों में स्पीड कैमरा एवं ब्रेकर लगाया जाए तो लगातार हो रही दुर्घटना में कमी आएगी और कैमरे के माध्यम से ही वाहनों निगरानी रखी जाए तथा ट्रैफिक नियमों को पालन नहीं करने वाले व्यक्ति पर ऑनलाइन चालन काटे जाए। सड़क में सैकड़ों घटनाओं का सदमा लोग झेल ही रहे थे कि शनिवार को फिर पांकी मेदिनीनगर मार्ग पर सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक की जान चली गई।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलशयात्रा



**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला गांव में स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मुरमा कला गांव स्थित पोखरा परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से चलकर पांडेपुर, मलवारिया होते हुए बांकी नदी संगम पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की गई। उसके बाद कलश में श्रद्धालुओं ने जला और वापस शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में पहुंचकर विधिवत स्थापित किया। कलश यात्रा में पूरे गाजे बाजे के साथ, जयकारा लगाते हुए यज्ञ श्रद्धालु चल रहे थे। महायज्ञ स्थल पहुंचते ही छह दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो गई। वहीं शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मंदिर निमार्ता सह पूर्व डीएसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुरमा कला में अयोजित महायज्ञ तीन मार्च से आठ मार्च तक चलेगा और यह यज्ञ 108 गरुड़ध्वज स्वामी की देखरेख व उपस्थिति में महायज्ञ हो रहा है। कलश शोभा यात्रा में प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी, आचार्य रमाकांत पाठक, बसंत सिंह, अरुण वर्मा, साकेत पासवान, राजा कुमार, छोटू दुबे, भृगु सिंह, उमेश सिंह, राधे सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## शिव ही शक्ति, शिव ही भक्ति है : किरण मेहता




**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी के करार स्थित योगियादह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ के अवसर पर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी किरण मेहता व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता लवली गुप्ता भी शामिल हुई। किरण मेहता ने कहा कि शिव ही शक्ति है ,शिव ही भक्ति है। शिव बैरागी है। शिव आदि शक्ति है। शिव से ही संपूर्ण ब्रह्मांड है। शक्ति स्वरूप देवी मां पार्वती प्रकृति की। शिवलिंग के रूप में भगवान शिव बताते हैं कि पुरुष और प्रकृति के बीच यदि संतुलन न हो तो सृष्टि का कोई भी कार्य भलीभांति संपन्न नहीं हो सकता है। भगवान शिव के पूजा से समस्त मनोकामना की प्राप्ति होती है वही शिवप्रिया पार्वती के पूजा से सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ व पूजन से करार ग्राम पूरा भक्तिमय हो गया है। लवली गुप्ता ने पूजा में बढ़ चढ़कर लोगों से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस मौके पर मुखिया मीना देवी, उपमुखिया संतोंष गुप्ता, समाज सेवी उत्तम गुप्ता, राकेश गुप्ता, अखिलेश ठाकुर, बैजनाथ गुप्ता, रितेश गुप्ता, बसंत सिंह, अनिल गुप्ता सहित सैकड़ो के संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमकार पाठक ने किया, जबिक पूजा अवध बिहारी मिश्रा, महावीर मिश्रा व जयशंकर मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ।

## स्पोर्ट्स



भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बार फिर आइसीसी टूर्नामेंट देखने को मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिये के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हार के बाद न्यूजीलैंड डब्ल्यूटीसी के पाइंट् टेबल में दूसरे नंबर पर खिसक गया है।

## ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर पहुंचा, लगातार तीसरी बार फाइनल खेलने की बढ़ी उम्मीद

# डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचा भारत, आस्ट्रेलिया से हो सकता है सामना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बार फिर आइसीसी टूर्नामेंट का फाइनल देखने को मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हार के बाद न्यूजीलैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ गया है। इससे टीम इंडिया पहले नंबर पर आ गई। ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। भारत को अब घर में दो सीरीज खेलनी है, जहां टीम पिछले 12 साल से कोई सीरीज नहीं हारी। उधर, ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड में 31 साल से हार नहीं मिली। कंगारुओं को इसके बाद भारत और श्रीलंका से खेलना है, एक भी सीरीज जीतने पर टीम फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। इसी तरह आगे के मैच भी चले तो ऑस्ट्रेलिया-भारत के बीच ही डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा। मुकाबला जून 2025 में होना है।



### ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका और भारत से भिड़ना है

ऑस्ट्रेलिया फिलहाल डब्ल्यूटीसी में अपनी चौथी सीरीज खेल रहा है। टीम ने विदेश में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेली। जबकि घर में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज को हराया। अब न्यूजीलैंड को भी हराकर टीम ने 11 में 7 मुकाबले जीत लिए। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर 62.5 फीसदी पॉइंट्स के साथ नंबर-2 पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को अब घर में भारत से 5 टेस्ट और विदेश में श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका में 8 में से 5 सीरीज जीती हैं, टीम को आखिरी बार 2016 में हार मिली थी, ऐसे में कंगारू टीम ही जीत की दावेदार है। साथ ही भारत के खिलाफ भी ऑस्ट्रेलियाई टीम इस बार ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। आखिरी 7 में से 4 टेस्ट जीतकर भी टीम टॉप-2 में फिनिश कर जाएगी।

### घर में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से खेलेगा भारत

टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा डब्ल्यूटीसी में पहली होम टेस्ट सीरीज खेल रही है। 5 टेस्ट की सीरीज में टीम 3-1 से आगे है। आखिरी मैच जीतकर टीम 68.52 फीसदी पॉइंट्स के साथ टॉप पर अपनी पोजिशन मजबूत कर सकती है। टीम इंडिया ने विदेश में वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 में से 2 टेस्ट जीते, जबकि एक ही मुकाबला गंवाया और एक मैच टीम ने ड्रॉ खेला। भारत को अब घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। घर में पिछली 17 सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया से ये 2 सीरीज भी जीतने की उम्मीद है। अगर भारत घर में दोनों सीरीज जीता तो साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज हारकर भी टॉप पर रह सकता है। हालांकि भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा। टीम ने कंगारुओं को उन्हीं के घर में 2 बार और अपने घर में भी 2 बार हराया है।

### न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच न्यूजीलैंड में दो टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। वेलिंगटन में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया, इसी के साथ न्यूजीलैंड पहले से खिसकर दूसरे नंबर पर पहुंच गई। टीम के 60.00 फीसदी पॉइंट्स हो गए, भारत 64.58 फीसदी पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 59.09 फीसदी पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी मैच जीतकर नंबर-2 पर पहुंच सकती है।

### प्वाइंट्स फाइनल के 65 फीसदी से ज्यादा जरूरी

2021 में क्ळउ ने पहली बार आइसीसी का फाइनल करवाया। तब 70 फीसदी पॉइंट्स वाली न्यूजीलैंड और 72.2 फीसदी पॉइंट्स वाली टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बनाई थी। 2023 में 66.67 फीसदी पॉइंट्स वाली ऑस्ट्रेलिया और 58.80 फीसदी पॉइंट्स वाली टीम इंडिया के बीच फाइनल हुआ था। इस बार भी कोई दो ही टीमें सारी सीरीज खत्म होने पर 65 फीसदी से ज्यादा पॉइंट्स हासिल कर पाएंगी। अभी की सिचुएशन में भारत और ऑस्ट्रेलिया यहां तक पहुंचते नजर आ रहे हैं, इसलिए इन दोनों के बीच फाइनल होने के चांस भी ज्यादा हैं।

## पुलिस का शिकंजा: फर्जी खाते की मदद से लोगों को बनाते थे शिकार

# गिरिडीह से छह और साइबर ठग गिरफ्तार

**एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर ठगों पर नकेल कस दिया है। साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी कड़ी में एक और सफलता हाथ लगी। एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना के बाद पुलिस ने एक बार फिर छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया चौक के पास कुछ साइबर ठगों द्वारा लोगों से ठगी किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गई। इस दौरान तिसरी के गादी निवासी कुंदन कुमार (24) मुकेश कुमार यादव (30), लक्ष्मीपुर निवासी लोकेश कुमार (24), हिरोडीह पिनउसोत के चंद्रकांत श्रीवास्तव (28), तिसरी के गाछी निवासी पिंकेश कुमार (21), भंडारी के जयमंगल यादव (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तिसरी के गादी निवासी गौतम यादव को नामजद अभियुक्त बनाया है। वहीं, छापामारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से नौ मोबाइल फोन, 17 सीमकार्ड, 16 एटीएम, आठ आधार कार्ड, छह पैन कार्ड, दो बाइक और 19 हजार रुपए नगद बरामद किया है। बताया जा रहा कि उक्त आरोपितों द्वारा फर्जी खाता उपलब्ध कराकर उसके इस्तेमाल से साइबर ठगी की रकम मांगते थे। उधर, छापामारी टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेन्द्रनाथ महतो, दमोदर प्रसाद मेहता को शामिल थे। गौरतलब हो कि गिरिडीह एसपी की अगुवाई में पुलिस साइबर ठगों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पिछले दो सप्ताह में 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर चुकी है।



साइबर अपराध के आरोप में पकड़ गए आरोपितों को जेल ले जाती पुलिस।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुरू हुआ जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चिरकुंडा नगर परिषद के वार्डों में रविवार से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया, ताकि क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसकि जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने बताया कि वार्ड संख्या 15 में विभाग के कर्मी व सुपरवाइजर द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा गया। मतदान करना क्यों जरूरी है उसके बारे में भी लोगों को समझाया गया। क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने सभी 21 वार्डों में 'स्वीप' के तहत बीएलओ के साथ नगर परिषद के सुपरवाइजर व कर्मी घर-घर जाकर क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करेगें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए माइकिंग व मीटिंग भी कराई जाएगी। साथ ही मैराथन भी कराई जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि मतदान के महत्व को समझें व मतदान अवश्य करें। मौके पर नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर अरुण बड़ाईक, सुपरवाइजर अनिल साव, ओंकार नाथ श्रीवास्तव, अनूप कुमार, बैजू साव, रवि प्रजापति, अभिजीत तिवारी, चिन्मय बनर्जी और अमर दास आदि उपस्थित थे।



# विवाहिता ने की खुदकुशी, घर में फंदे से लटका शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बैदकारो/बेरमो।** बैदकारो पश्चिमी पंचायत अंतर्गत बारीग्राम के कोल पट्टी में 28 वर्षीय विवाहिता ने शनिवार की रात अपने घर में ही फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी पहचान अंजली कुमारी के रूप में हुई है। इस संबंध में उक्त पंचायत के मुखिया पति संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे, तो लोगों की काफी भीड़ जमा थी। उन्होंने गांधीनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी। खबर पाते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पता चला है कि मृतका की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका पति गुजरात में रहकर रोजी रोटी कमाता है। मृत्तिका की दो बेटी है, जिसमें से एक की उम्र पांच साल और दूसरे की छह महीना बताई जा रही है। मृतका के पति को फोनकर घटना की जानकारी दे दी गई है। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतका के दोनों बच्चियों का रो रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।



# बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रदूषण नियत्रंण को लेकर औद्योगिक इलाके में संचालित विभिन्न फैक्ट्रियों द्वारा नियम का पालन नहीं करने से इलाके में प्रदूषण फैलता जा रहा है। जिससे जूझ रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। रविवार को बालमुकुंद स्पोंज आयरन फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद होकर सड़क पर उतर आए और फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन किया। जिसमें स्थानीय महिलाओं की संख्या सर्वाधिक थी। वे काफी आक्रोशित भी हैं। हाथों में तख्तियां लिए फैक्ट्री और उससे होने वाले प्रदूषण के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी। ग्रामीणों में प्रदूषण को लेकर इतनी नाराजगी थी की वे इस बार लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार तक की बात कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। फैक्ट्री संचालक प्रदूषण नियत्रंण को लेक बनाए गए किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसका खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मामले को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। इसलिए इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार भी करने से पीछे नहीं हटेंगें।



# मासस प्रत्याशी ने भूली में निकाली संकल्प यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने रविवार को नावाडीह स्थित विनोद बिहारी चौक से एक विशाल जुलूस निकाला जो पांडरपाला, शहरधार बस्ती, भूली बस्ती, सी ब्लॉक, डी ब्लॉक, बी ब्लॉक होते हुए ए ब्लॉक में आकर समाप्त हुई। इसके बाद बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय के बाहर एक सभा की गई, जिसकी अध्यक्षता मंटू रवानी ने की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मासस धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी जगदीश रवानी भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि धनबाद जिले से एम्स एवं एयरपोर्ट दूसरे जिले में चले गये। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद आकर कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्‌घाटन किया' लेकिन सबसे जरूरी एम्स एवं हवाई अड्डा पर कोई बात नहीं की, जबकि देश की कोयला राजधानी धनबाद है। यहां आईआईटी शिक्षण संस्थान, पारसनाथ में कई दार्शनिक स्थान, भूली में एशिया की सबसे बड़ी श्रमिक नगरी स्थापित है। इसके बावजूद धनबाद से एयरपोर्ट दूसरे जिले में चला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें वर्तमान सांसद की विफलता खुलकर सामने आ रही है। यदि भूली श्रमिक नगरी को लीज में दे दी जाए तो बरसों से रहने वाले लोगों की चिंता दूर हो जाएगी। इस मौके पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, जिला सचिव राणा चटराज, लाल सेना केंद्रीय सचिव चेतु प्रसाद महतो, अरविंद तिवारी, बबलू रवानी, रमेश महतो, अमित कुमार, राजेश रवानी आदि थे।

# बाघमारा में रूर्बन मिशन (पलानी क्लस्टर) के तहत निर्मित योजनाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी के निर्देश पर बलियापुर प्रखंड अंतर्गत सिंदुरपुर पंचायत में रूर्बन मिशन (पलानी क्लस्टर) के तहत निर्मित योजनाओं का रविवार को बीडीओ राजेश सिंह ने निरीक्षण किया। इस योजना के संचालन के लिए स्वयं सहायता समूह, कृष्णा समूह, लक्ष्मी समूह और जूही समूह के छह सदस्यों का चयन ग्राम सभा की ओर से किया गया। उपस्थित स्वयं सहायता समूह की सदस्य अष्टमी देवी और बसंती देवी ने बताया कि इस यूनिट में बिजली कनेक्शन ले लिया गया है। इसमें बेकरी के तहत केक और बिस्कुट आदि के निर्माण का प्रशिक्षण भी ले लिया गया है। योजना के संचालन के लिए बैंक से लोन लिया जा रहा है। जल्द ही इसका विधिवत उद्‌घाटन किया जाएगा। उधर, बीडीओ ने निर्देश दिया की बेकरी उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय से संबंधित पंजी का संधारण करें एवं बिजनेस डेवलपमेंट प्लान तैयार करते हुए अधिक से अधिक दुकानदारों से संपर्क कर अपनी आय बढ़ाने का प्रयास करें, ताकि इस कार्य में लगे स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। इसके अतिरिक्त सिंदूरपुर पंचायत में मशरूम यूनिट का भी निरीक्षण किया गया और अर्द्धनिर्मित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित कर्मी और कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जेएसएलपीएस के बीपीएम भी उपस्थित रहे।



## रोहित महतो बने झामुमो फुसरो नगर समिति के संगठन मंत्री

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो फुसरो नगर समिति की बैठक रविवार को करगली गेट स्थित शहीद निर्मल महतो भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने किया। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। लगे हाथ सर्वसम्मिति से रोहित महतो को संगठन मंत्री बनाने का प्रस्ताव लिया गया। युवा नेता भोलू खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने का निर्णय लिया गया है।

# श्री श्री 1008 शांति धाम न्यू गोल पहाड़ी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** अमलो चेक पोस्ट के समीप नवनिर्मित मंदिर में श्रीश्री शिव परिवार, दुर्गा मा, माँ मनसा एवं हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को वेदी पूजन, अनाधिवास, रूद्र अष्टाध्याय पाठ के साथ यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश के साथ परिक्रमा शुरू हुआ। इसके साथ ही रामायण पाठ भी आरंभ किया गया। पुजारी विष्णु पंडित एवं सहयोगी नंदकिशोर पांडेय, अशोक मिश्र, राजकुमार मिश्र, विकास पांडेय, विशाल पांडेय, विनीत तिवारी, ऋषि मिश्र द्वारा पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया जा रहा है। जिसमें मुख्य यजमान मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष मदन कुमार सिंह, सचिव गणेश निषाद व उप सचिव विवेक चौहान एवं उनकी पत्नी शामिल है। बताया गया कि सोमवार को वेदी पूजन, जलाधिवास, रूद्र अष्टाध्याय पाठ एवं रामायण पाठ, 5 मार्च को वेदी पूजन, नगर भ्रमण एवं सुबह 11 बजे से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ, पुष्पाधिवास, रूद्र अष्टाध्यायी पाठ एवं रामायण पाठ, 6 मार्च को वेदी पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा, रूद्र अभिषेक, रूद्र अष्टाध्याय पाठ अखण्ड हरि कित्तन पूर्णाहूति, यज्ञ पूर्णाहूति संध्या आरती हवन एवं भंडारा का का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के संरक्षक सीसीएल के ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष अमलो पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, सह सचिव सूरज निषाद, शिवनंदन चौहान, राजकुमार चौहान, संतोष सिंह, मानिक दिगार, छोटन कुमार, मानिक रविदास, दिलीप कुमार आदि लोग लगे हुए है।

## रामचरित मानस महायज्ञ में परिक्रमा के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह में गणेश चतुर्थी के अवसर पर नौ दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ व 31वें वार्षिक गणेश मेला के पांचवे दिन रविवार को भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने 11, 21, 51, 101, 151, 201, 501 बार एवं 12 घंटे का भी संकल्प लेकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। यज्ञशाला की परिक्रमा व श्रीरामकथा को सुनने के लिए आसपास के अनेक ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र से श्रीराम भक्त पहुंच रहे हैं। यहां यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री (वेदाचार्य) की देखरेख में पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे है। इसमें उपाचार्य पंकज शास्त्री, बेदाचार्य पवन शास्त्री, रामकिशोर पांडेय, आदित्य पांडेय, आशुतोष बाबा एवं मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय बतौर सहयोगी अनुष्ठान करा रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के बाद हक-अधिकार के लिए वृहद आंदोलन करने का निर्णय

**फुसरो के ढोरी में आयोजित विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के सम्मेलन में वक्ताओं ने भरी हुंकार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**करगली/बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति का एक दिवसीय सम्मेलन फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती के राजा बंगला स्थित भारत विवाह मंडप में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता समिती के केंद्रीय अध्यक्ष सूरज महतो व संचालन दशरथ महतो ने किया। इसमें बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के रैयत व विस्थापित शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष सूरज महतो ने कहा कि बेरमो कोयलांचल में विस्थापितों की समस्या जटिल है। रैयतों और विस्थापितों को अधिकार दिलाने के लिए गिरीडीह के पूर्व सांसद स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो व स्वर्गीय राजकिशोर महतो के विचारधारा में चल कर लड़ाई लड़ी जाएगी। यहां के कोलियरी में प्रबंधन द्वारा मनमानी की जा रही है। जिससे यहां के स्थानीय लोगों को आए दिन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सीसीएल के ढोरी, बीएंडके, कथारा एवं डीवीसी बोकारो थर्मल चंद्रपुरा में प्रबंधन द्वारा रैयतों-किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। रैयत किसान की जमीन पर ग्रामीण क्षेत्रों के घर के पास बिना नौकरी मुआवजा एवं पुनर्वास दिए जबरदस्ती जमीन से कोयला निकाली जा रही है। बिना पूर्णवास स्थल की व्यवस्था एवं सुविधाएं दिए बिना घर के बगल में हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। रैयत किसान को केस मुकदमा में फंसाया जा रहा है। इन सब मुद्दों को लेकर विस्थापितों का एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कहा कि हमारे पूर्वजों की जमीन को बचाना है एवं जमीन के हक व अधिकार के लिए प्रबंधन से लडाई लडनी है। झारखंड सरकार अभी तक विस्थापन नीति नहीं बना पाई है। जिससे यहां के विस्थापितों को उसका अधिकार नहीं मिल पाया है। सीसीएल के विरुद्ध आरपार की लड़ाई लड़ने की आवश्यता है। जिसके लिए यहां के रैयतो को समय-समय पर बैठक करना होगा। सीसीएल में पांच ट्रेड यूनियन चल रहा है जो विस्थापितों की आवाज नहीं उठा पाते है। प्रबंधन यहां के विस्थापितों के साथ मनमानी कर रहा है। गांव के विकास व अपनी जमीन के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। कहा कि विस्थापितों के हक अधिकार के लिए सीसीएल प्रबंधन से जमीनी व कानूनी दोनों लड़ाई लड़नी है। कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद हक और अधिकार दिलाने के लिए एक वृहद आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। इस अवसर पर लालपनिया विस्थापित के अध्यक्ष प्रमानंद प्रजापति, धनेश्वर महतो, हरख लाल महतो, रविंद्र कुमार महतो, जलील अंसारी, राजेंद्र महतो, मनोज कुमार नायक, द्वारिका महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर रतिलाल महतो, दीनदयाल यादव, काली पोदो गोराई, जलेश्वर महतो, शिव शंकर महतो, नारायण महतो, फूलवंती देवी आदि उपस्थित थे।

## उपदेश : महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन श्री राम कथा में बही भक्ति की बयार

# भगवान को याद रखना सबसे बड़ा सुख और उसे भूल जाना सबसे बड़ा दुख है: कथा वाचक देवी राधा किशोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम के सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्री राम कथा के दौरान कथा वाचक देवी राधा किशोरी (हरिद्वार) ने कहा कि जीवन में भक्ति जरुरी है। मंदिर में पूजा, वंदना, अराधना, दो-चार माला जप लेना भक्ति नहीं है। भगवान को एक पल भी न भूलना और भाव बनाकर रखना ही भक्ति है। भगवान को याद रखना बड़ा सुख और उसे भूल जाना सबसे बड़ा दुख है। बच्चों को कथा में जरूर लाएं। कथा से काम नहीं राम से प्यार हो जाएगा। कहा कि कोई भी बच्चा प्रह्लाद जैसे भक्त बनना नहीं चाहता है। सिर्फ अभिनेता-अभिनेत्री बनना चाहता है। बच्चों को भगवत गीता दें। हनुमान चालीसा पढ़ाएं। जो राम के लिए दुनिया के लिए भूल जाता है। उसे बैकुंठ जाने से कोई रोक नहीं सकता है। भगवान पर विश्वास जरुरी है। आधे-अधूरे जानोगे तो भटकते रहोगे। जिसे विश्वास नहीं होता, वे संदेह करते हैं। माता सती को भगवान पर विश्वास नहीं था। सती ने ईश्वर की परीक्षा ली। कहा कि कथा पंडालों में दुष्टों का भी मान सम्मान बढ़ जाता है। स्थान का प्रभाव होता है। कहा कि मदिरालय, मूवी और जुआलय मानव को पतन की ओर ले जाता है। मोबाइल पर जुआ चल रहा है। आज फिल्में परिवार के साथ बैठकर नहीं देख सकते हैं। वहीं, मुख्य यजमान के रुप में रुपेश चौहान और उसकी पत्नी रिंकू देवी मौजूद थे। कथा के दौरान शिव विवाह भी हुआ। मौके पर ललन सिंह, अमन सिंह, गुड्डू सिंह, बबलू सिंह, संजय सिंह, गौतम दे, रिंटू पाठक, सुशील अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सोनू सिंह, रामप्रवेश, सुदामा आदि उपस्थित थे।





कथा वाचक देवी राधा किशोरी व राम कथा सुनने पहुंची महिला भक्तों की भीड़

### बीजू जनता दल को लगा झटका

# भाजपा में शामिल हुए विधायक अरविंद ढाली

- पार्टी कार्यालय में सदस्यता ग्रहण की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल से शनिवार को इस्तीफा देने वाले जयदेव विधायक अरविंद ढाली रविवार को भाजपा में शामिल हो गये हैं। वह भुवनेश्वर में पार्टी के राज्य कार्यालय में भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समल और सांसद अपराजिता षाड़ंगी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ बीजेडी के पूर्व विधायक मुकुंद सोढ़ी भी बीजेपी में शामिल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक 1992 में मालकानगिरी विधानसभा सीट के उपचुनाव में अरविंद ढाली ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। बाद में वह 1995 और 2000 में उसी सीट से भाजपा के ही टिकट पर विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। बीजद-भाजपा गठबंधन टूटने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़ दी थी। वह बीजद में शामिल हो गये और 2009 और 2019 में जयदेव विधानसभा सीट जीती। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों बीजू जनता दल के कई विधायक एवं नेता पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए हैं। इसमें गोपालपुर के विधायक प्रदीप पाणिग्रही, पूर्व मंत्री देवाशीष नायक, चिलका के मौजूदा विधायक प्रशांत जगदेव जैसे कई नेता भाजपा में शामिल हुए हैं।

#### कोई असर नहीं पड़ेगा : बीजद नेता

चुनाव से पहले नेताओं का पाला बदलने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी रहने के बीच भाजपा नेताओं ने कहा है कि ओड़िशा में अगली सरकार भाजपा की बनने वाली है, क्योंकि पार्टी की रीति नीति से नाराजगी जाहिर करते हुए नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# ओड़िशा में राज्य चुनाव समिति की बैठक 6 को

- इसके बाद भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा भाजपा अध्यक्ष मनमोहन समल ने कहा है कि ओड़िशा से किसी का भी नाम लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए जारी पार्टी की उम्मीदवारों की सूची में नहीं है। सामल ने कहा कि छह मार्च को राज्य चुनाव समिति की बैठक के बाद उम्मीदवारों की सूची आयेगी। मीडिया से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समल ने कहा कि राज्य चुनाव समिति 6 मार्च को बैठक करेगी। इसके बाद संभावित उम्मीदवारों की सूची केंद्र को भेजी जायेगी। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा एक बार अनुमोदित होने के बाद की जायेगी। उम्मीदवार के बारे में कोई भ्रम नहीं है। पार्टी की संसदीय समिति की बैठक में इस पर चर्चा की गयी।

ओड़िशा की चुनाव समिति जल्द ही बैठक करेगी। राज्य में सभी विधानसभा और लोकसभा के लिए पार्टी पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट आ जाने के बाद 6 मार्च को राज्य चुनाव समिति की बैठक होगी और इसे केंद्र को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में नामों को मंजूरी मिलने के बाद ओड़िशा में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की जायेगी।

गौरतलब है कि आम चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने एक दिन पहले अपने 195 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। इसमें ओड़िशा से एक भी उम्मीदवार नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कुल 34 केंद्रीय मंत्री उम्मीदवारों की सूची में हैं। भाजपा ने ओड़िशा में किसी भी संसदीय क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है।

# पीएम मोदी पांच दिन में कल दूसरी बार ओड़िशा का दौरा करेंगे

- सरकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और शिलान्यास करेंगे
- चंडीखोल में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महज एक महीने के अंतराल में दुसरी बार ओड़िशा के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री पांच मार्च को यहां विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखने और शिलान्यास करने के साथ चंडीखोल में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री तेलंगाना की दो दिवसीय यात्रा संपन्न कर ओड़िशा पहुंचेंगे।

मुख्य सचिव कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 5 मार्च को अपराह्न में वायुसेना के एक विशेष विमान से भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां से वह विशेष हेलीकाप्टर से जाजपुर चंडीखोल पहुंचेंगे और विभिन्न सरकारी परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह वहीं एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। चंडीखोल जनसभा के बाद वह दोबारा भुवनेश्वर पहुंचेंगे और यहां से कोलकाता के लिए रवाना हो जायेंगे।

**पीएम मोदी के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू :** प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गयी है। मुख्य सचिव श्री जेना ने वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। भुवनेश्वर एयरपोर्ट, चंडीखोल हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल तक प्रधानमंत्री को ले जाने आदि के साथ सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य जरूरी व्यवस्था पर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर उनके आपातकालीन अस्थायी ठहरने की व्यवस्था, मंच की सुरक्षा जांच,कारकेड की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर जनरेटर की सुविधा के साथ ही दो अतिरिक्त जनरेटर रखने की व्यवस्था की गयी है।

# छह को दिल्ली कूच करेंगे किसान

- 10 को देशभर में रेल रोको आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बठिंडा, पंजाब।** पंजाब के बठिंडा जिले के गांव बल्लों में युवा किसान शुभकरण सिंह का भोग समागम रविवार को हुआ। इसमें देशभर से अलग-अलग किसान संगठनों के नेता पहुंचे। किसानों ने शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी। किसान संगठनों ने बड़ा एलान किया।

छह मार्च को पंजाब और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी राज्यों के किसान दिल्ली कूच करेंगे। वहीं 10 मार्च को पूरे देश में चार घंटे किसान 'रेल रोको' आंदोलन करेंगे। 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत होगी।

**किसानों ने बदली रणनीति, दिल्ली जाने का बनाया नया प्लान :** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली जाने का कार्यक्रम पहले की तरह है। दिल्ली जाने का कार्यक्रम न पीछे किया और न करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कैसे घुटनों के बल लाना है, इसके लिए कुछ रणनीति तय की हैं। डल्लेवाल के मुताबिक शंभू और खनौरी बॉर्डर में किसानों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इसके अलावा बाकी बॉर्डरों को किसान बंद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि छह मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस और पैदल शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है। 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक पूरे देश में ट्रेन रोको आंदोलन किया जायेगा।


**खनौरी बॉर्डर पर गयी थी शुभकरण की जान :** 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान गोली लगने से बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गयी थी। इस मामले में पंजाब पुलिस ने पटियाला के पातड़ां में अज्ञात लोगों के खिलाफ जीरो एफआइआर दर्ज कर चुकी है। वहीं सरकार ने परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने का एलान भी कर चुकी है। शुभकरण की मौत का मुद्दा पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने उठाया था।

# अब फ्लिपकार्ट से भी पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे

### कंपनी ने यूपीआइ सर्विस शुरू की

- फ्लिपकार्ट पर पहले ऑर्डर पर 25 रुपये डिस्काउंट मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट ने अपनी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआइ सर्विस शुरू कर दी है। यूजर्स इसके जरिए क्यूआर कोड की मदद से पेमेंट कर सकेंगे, बिजली का बिल भर सकेंगे और मोबाइल रिचार्ज जैसी डिजिटल सर्विसेज का इस्तेमाल कर सकेंगे। कंपनी ने इसके जरिए पहले ऑर्डर पर 25 रुपये डिस्काउंट भी दे रहा है।

कंपनी ने इसके लिए एक्सिस बैंक से पार्टनरशिप की है। इस बात की जानकारी कंपनी के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर ऑफिसर रजनीश कुमार ने दी है। रजनीश के मुताबिक कंपनी का अपना यूपीआइ उसके 50 करोड़ रजिस्टर्ड ग्राहक और 14 लाख सेलर्स को सीधा लाभ पहुंचायेगा।

**रुपे क्रेडिट कार्ड भी हो सकता है लिंक :** इससे दूसरे थर्ड पार्टी यूपीआइ ऐप जैसे पेटीएम, फोनपे, गूगल और अमेजन-पे पर से डिपेंडेंसी कम होगी। इसे रुपे क्रेडिट कार्ड से भी लिंक कर सकेंगे। हाल ही में फूड एग्रीगेटर जोमैटो ने भी अपनी यूपीआइ सर्विस लॉन्च की थी। इसके अलावा टाटा न्यू, मेक माय ट्रिप और व्हाट्सएप की भी अपनी यूपीआइ सर्विसेज हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हाइवा ट्रक ने घर के बाहर बैठे परिवार समेत सात लोगों को रौंदा

### सास-बहू समेत तीन की मौत; चार लोग नाजुक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में एक अनियंत्रित हाइवा ट्रक ने सात लोगों को रौंद दिया, जिससे सास-बहू समेत एक बच्ची की मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि बहू सुगंधी देवी (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि जीएमसीएच में इलाज के दौरान सास लालबाबू मुखिया (55) पत्नी सोमारी देवी और छह वर्ष की सोनम कुमारी की भी मौत हो गई है। हालांकि गंभीर घायल सभी चार लोगों को जीएमसीएच बेतिया में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह घटना जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र के कैथवलिया-लौरिया मुख मार्ग स्थित उत्तरवाहिनी पुल के पास सेनवरिया गांव की है। घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार बताया जा रहा है।

घायलों में सेनुआरिया गांव निवासी रुसंती देवी (35) और सुधा कुमारी (10) आदि शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर काफी अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस मौके पर लोगों से घटना की जानकारी ले रही है। वहीं, इस हादसे में एक बाइक सवार दो युवक भी घायल हुए हैं। उनकी पहचान चनपटिया निवासी मुरारी कुमार शर्मा (32) और कुंदन कुमार (20) के तौर पर हुई है। इन दोनों का इलाज चनपटिया सीएचसी में जारी है।

इधर दुर्घटनास्थल पर ग्रामीणों ने हाइवा और उसके चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना पर पहुंची सिरिसिया और चनपटिया थाने की पुलिस मामले को शांत करने में लगी हुई है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने दो घंटे सड़क जाम रखा।

जानकारी के मुताबिक लौरिया के तरफ से एक हाइवा बेतिया जा रहा था। इसी दौरान सेनवरिया गांव में अपने दरवाजे पर मृतक सोमारी देवी का परिवार बैठा हुआ था। हाइवा चालक ने नियंत्रण खो दिया और अपने दरवाजे पर बैठे सोमारी देवी और सुगंधी देवी सहित पांच लोगों को रौंद दिया, जिसमें बहू की घटनास्थल पर मौत हो गयी, जबकि सास और एक बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं, विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक भी हादसे के बाद हाइवा से जा टकरायी। इससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

# लोकसभा चुनाव के बाद अलग राज्य बनेगा पूर्वांचल, सीएम भी होगा नया : ओपी राजभर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकंदरपुर, बलिया।** लोकसभा चुनाव में भले ही अभी कुछ समय बाकी हो, लेकिन पूर्वांचल को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने एक बड़ा दावा कर दिया है। राजभर का दावा है कि चुनाव के बाद पूर्वांचल अलग राज्य बनेगा। इस दौरान राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला है। खुद के दलबदलू होने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि अखिलेश यादव खुद नौ बार दल बदल चुके हैं। दो बार बसपा, दो बार आरएलडी, दो बार कांग्रेस के अलावा निषाद पार्टी, भासपा आदि दलों से गठबंधन कर चुके हैं। नौ बार अलग-अलग गठबंधन कर चुके सपा मुखिया को मेरे दो बार दल बदलने से परेशानी हो रही है। राजभर रविवार को सुभासपा की ओर से विधानसभा क्षेत्र के चेतन किशोर मैदान में शोषित-वंचित जागरण महारैली को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जनसभा में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद



पूर्वांचल राज्य का गठन हो जायेगा। इसके बाद आप सबका मुख्यमंत्री होगा और आपकी सरकार बनेगी।

# ड्रग्स के खतरे से निपटने में मोदी सरकार की सफलता के बारे में तीन वीडियो जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को ड्रग्स के खतरे से निपटने में मोदी सरकार की सफलता के बारे में तीन वीडियो जारी किये। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट और वीडियो की एक श्रृंखला जारी की। अपने एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि नार्को-ट्रेड के प्रति मोदी सरकार की कठोर अप्रोच के प्रभावी परिणाम सामने आये हैं और इसके कारण गिरफ्तारियों की संख्या और जब्त की जाने वाली ड्रग्स की मात्रा में वृद्धि हुई है।

एक अन्य पोस्ट में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सामंजस्य से देशभर में एक सशक्त एंटी-नारकोटिक्स तंत्र का निर्माण हुआ है और इस रणनीति से पकड़े जाने वाली ड्रग्स और दर्ज किए जाने वाले मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

अमित शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नशामुक्त भारत हमारी भावी पीढ़ियों को महानतम सौगात है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में ड्रग्स के डिटेक्शन, नेटवर्क का विनाश, दोषियों के डिटेंशन और नशे की लत के शिकार लोगों के पुनर्वास के माध्यम से नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। ड्रग्स के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए मोदी सरकार की ओर से किये गये बहुआयामी प्रयासों के कारण जब्त किये गये नशीले पदार्थों की मात्रा में लगभग 100% की वृद्धि हुई और इसका कारोबार करने वालों के खिलाफ दर्ज मामलों में 152% की वृद्धि हुई।

मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2006 से 2013 की अवधि के दौरान दर्ज मामलों की संख्या 1257 थी, जो 2014-2023 के दौरान 3 गुना बढ़कर 3755 हो गयी। 2006-13 में 1363 गिरफ्तारियां हुईं और 2014-23 की अवधि में इनकी संख्या 4 गुना बढ़कर 5745 हो गई। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान जब्त की गयी ड्रग्स की मात्रा दो गुना होकर 3.95 लाख किलोग्राम हो गई, जो 2006-13 के दौरान 1.52 लाख किलोग्राम थी। जब्त ड्रग्स की कीमत मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान 30 गुना बढ़कर 22,000 करोड़ रुपये हो गयी, यह 2006-13 की अवधि में 768 करोड़ रुपये थी।

मोदी सरकार के दौरान एंटी नारकोटिक्स एजेंसियों ने 12,000 करोड़ रुपये की 12 लाख किलोग्राम ड्रग्स भी नष्ट की। जून 2023 तक, एनसीबी ने 23 ऐसे मामलों में वित्तीय जांच की, जिसमें 74,75,00,531 रुपये की संपत्ति जब्त की गयी।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**